● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 21, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 19 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र
हक की बात, बुलंदी के साथ
# विन्ध्य टाइगर



उदित राज के बयान पर मायावती का पलटवार 5
चैम्पियंस ट्राफी में विराट बना सकते हैं कई रिकार्ड 6

# रणनीतिक स्तर तक पहुंचेंगे भारत-कतर संबंध

## समझौते पर हस्ताक्षर, उर्जा क्षेत्र में भी मजबूत होगी साझेदारी

**नई दिल्ली।** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने मार्च 2015 में आखिरी बार भारत का दौरा किया था। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2024 में अपना दूसरा कतर का दौरा किया, तो उन्होंने अमीर को भारत का राजकीय दौरा करने के लिए आमंत्रित किया था। कतर के अमीर के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापारिक नेता शामिल हैं। आने वाले गणमान्य व्यक्तियों में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री भी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) के सचिव (कांसुलर, पासपोर्ट और वीजा) अरुण कुमार चटर्जी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।



उन्होंने बताया कि आज सुबह राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर का औपचारिक स्वागत किया। राष्ट्रपति (मुर्मू) आज शाम को भी अमीर और उनके प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगी और उनके सम्मान एक रात्रिभोज का आयोजन भी करेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर के साथ हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर के बीच ऐतिहासिक व्यापार, लोगों के आपसी संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की।

मंत्रालय ने आगे बताया कि भारत और कतर ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। दोनों नेताओं के बीच चर्चा में व्यापार, निवेश और उर्जा प्रमुख विषय थे। आज भारत और कतर के बीच सालाना करीब 14 अरब डॉलर का व्यापार होता है। दोनों पक्ष अगले पांच वर्षों में इसे दोगुना करने का लक्ष्य तय करने पर सहमत हुए हैं। कतर भारत में निवेश के लिए भी एक महत्वपूर्ण भागीदार देश है इसने आगे कहा, कतर निवेश प्राधिकरण ने वर्तमान में भारत में करीब 1.5 अरब डॉलर का विदेशी निवेश किया है। दोनों नेताओं ने भारत में उन क्षेत्रों की भी पहचान की, जिनमें कतर निवेश प्राधिकरण निवेश बढ़ा सकता है।भारत और कतर के वाणिज्य और उद्योग मंत्रियों की सह-अध्यक्षता में आज संयुक्त बिजनेस फोरम का आयोजन किया गया, जिसमें दोनों देशों के शीर्ष उद्योगपतियों, कंपनियों और संस्थानों के बीच काफी सार्थक बातचीत हुई। विदेश मंत्रालय के सचिव अरुण कुमार चटर्जी ने आगे कहा, भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) इस समय एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। जहां तक कतर का सवाल है, दोनों पक्ष भविष्य में एफटीए पर हस्ताक्षर करने की संभावना देख रहे हैं। उन्होंने कहा, जहां तक रणनीतिक साझेदारी समझौते का सवाल है, यह वास्तव में द्विपक्षीय संबंधों की मौजूदा स्थिति को रणनीतिक स्तर तक ले जाएगा। हम व्यापार, उर्जा, निवेश, सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा। चटर्जी ने कहा, भारत और कतर की उर्जा क्षेत्र में साझेदारी है। कतर भारत के लिए उर्जा का एक प्रमुख स्रोत है।

दोनों नेताओं ने कहा कि फरवरी 2024 में कतर एनर्जी और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने 2028 से शुरू होने वाले 20 वर्षों के लिए कतर से भारत को प्रति वर्ष 7.5 मिलियन मीट्रिक टन एलएनजी की आपूर्ति के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों नेताओं ने उर्जा साझेदारी को मजबूत और व्यापक बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की।

# ''नक्शा''कार्यक्रम से शहरी नियोजन को मिलेगा बढ़ावा, भूमि संबंधी विवादों में आएगी कमी: डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज रायसेन की धरती से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। सरकार की यह पहल शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त और उनके जीवन को आसान बनाएगी। साथ ही शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रायसेन में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा''के राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ड्रोन उड़ाकर सिटी सर्वेक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूमि सबसे मूल्यवान सम्पत्ति होती है, इसलिए सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए सटीक और पारदर्शी रिकार्ड होना जरूरी है। नक्शा कार्यक्रम से शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर भूमि अभिलेखों का निर्माण और आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे भूमि स्वामित्व की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की है। हर भूखण्ड को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रमुखता से काम किया जा रहा है। किसान भाइयों को पर्याप्त सिंचाई के लिए पानी मिलने से उत्पादकता में वृद्धि होती है, हमारे किसान भाइयों की आय बढ़ रही है। इस वर्ष 2600 रू क्विंटल के मान से किसानों से गेहूँ उपार्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। नवीन कारखाने स्थापित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दस से अधिक गाय का पालन करने वाले गौपालकों को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा।

# नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे ज्ञानेश कुमार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत का मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) नियुक्त किया गया। मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल आज (18 फरवरी) को खत्म हो रहा है। उनकी रिटायरमेंट के बाद ज्ञानेश कुमार सीईसी का पदभार संभालेंगे। खास बात ये है कि वे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के तहत नियुक्त होने वाले पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार मार्च, 2024 से ही चुनाव आयुक्त के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें पदोन्नत किया गया है। उनका कार्यकाल 26 जनवरी, 2029 तक होगा। ज्ञानेश कुमार पर इस साल बिहार का विधानसभा चुनाव और अगले साल पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु का चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी होगी। नियुक्ति के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई।



बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस नेता व लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शामिल हुए। कानून मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक हरियाणा कैडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी विवेक जोशी को निर्वाचन आयुक्त बनाया गया है।

58 साल के जोशी का जन्म 21 मई 1966 को हुआ था। हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव जोशी जनवरी 2019 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। अब वे निर्वाचन आयुक्त के रूप में 2031 तक सेवाएं देंगे।

# सत्येंद्र जैन पर चलेगा मनी लॉन्ड्रिंग का केस, राष्ट्रपति ने दी गृह मंत्रालय को मंजूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सत्ता गंवाने के बाद आज आम आदमी पार्टी को एक और झटका लगा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आप नेता सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चालने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को अनुमति दे दी है। ईडी अब राष्ट्रपति की मंजूरी की जानकारी देते हुए एक नया पूरक आरोपपत्र अदालत में दाखिल करेगा। बता दें कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी थी।

# भारतीय बाजार में निवेशकों को बेहतर रिटर्न: सीतारमण

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार का माहौल काफी अच्छा है। हमारे यहां विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी एफआईआई को भी निवेश से अच्छा रिटर्न मिला है। वर्तमान में भारतीय बाजार से उनकी भारी निकासी इसलिए हो रही है, क्योंकि अच्छी कमाई करने के बाद वे मुनाफा वसूली कर रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा, सरकार के आपूर्ति उपाय और रिजर्व बैंक की मांग-पक्ष पहल मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए मिलकर काम कर रही हैं।

एफआईआई ने पिछले साल अक्तूबर से अब तक करीब दो लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। इसमें से 2025 में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बिकवाली हुई है। इससे बाजारों में तेज गिरावट आई है और निवेशकों की पूंजी 77 लाख करोड़ रुपये घट गई है। वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे ने कहा, एफआईआई एक उभरते बाजार से दूसरे बाजार में नहीं जा रहे हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के समय में जैसा कि अभी देखा जा रहा है, वे मूल देश में वापस जाते हैं। ये बदलाव अस्थायी हो सकते हैं। सीतारमण ने कहा, बजट 2025 में दी गई आयकर में भारी छूट का मतलब यह नहीं है कि सरकार ने पूंजीगत खर्च से ध्यान हटाकर उपभोग पर केंद्रित कर लिया है। कोरोना के बाद से सरकार का जोर पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए सार्वजनिक खर्च पर बना हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा, सरकार ने पूंजीगत खर्च बजट बढ़ाया है और साथ ही कर में कटौती के माध्यम से कुछ रियायतें दी हैं, खासकर व्यक्तिगत आयकर में उन लोगों के लिए जो खर्च करना या बचत करना या निवेश करना चाहते हैं। बजट 2025-26 में कैपेक्स (पूंजीगत व्यय) पिछले साल की तुलना में 10.2 प्रतिशत बढ़ाकर करीब 16 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।



# जीआई समिट में आने वाले मेहमानों के लिए बनाई जा रही टेंट सिटी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) को लेकर तैयारियां जोरों पर है। मेहमानों के लिए भोपाल के कलिया सोत डेम पास 108 टेंट सिटी बन रही है। इनमें 5 स्टार होटल्स जैसी सारी सुविधाएं रहेंगी। एयर कंडिशनर से लेकर डबल बेड, लाइटिंग, वॉक के लिए बागीचा रहेगा, ताकि वे प्रकृति को करीब से जान सकेंगे। कलियासोत ग्राउंड के ठीक पीछे डैम और आसपास हरियाली का आकर्षक नजारा दिखाई देता है।

# पुलिस ने डकैतों को घेरा, अपराधियों ने शुरू की फायरिंग, कमांडो पहुंचे

**पटना।** नए डीजीपी विनय कुमार और फिर पटना के नए एसएसपी अवकाश कुमार के आने के बाद अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई तेज हो गई। इसके बावजूद दुस्साहस दिखाने वाले अपराधियों की कमी नहीं। ऐसे ही अपराधियों की मंगलवार दोपहर बाद जान पर बन आई, जब डकैती के लिए बहुमंजिली इमारत में उनकी दखल के बाद पुलिस पहुंच गई। पटना के रिहायशी इलाके में अरसे बाद दिनदहाड़े पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया। कंकड़बाग थाना इलाके के राम लखन पथ में डकैतों ने दिनदहाड़े गोलीबारी की तो पटना पुलिस ने घेर लिया।

इधर, पुलिस के आने की सूचना पर हथियारबंद अपराधी मकान में छिपकर फायरिंग करने लगे। पटना एसएसपी खुद भी पहुंच गए और कई थानों की पुलिस को वहां बुला लिया। अपराधी बाहर निकलने को तैयार नहीं थे। थोड़ी ही देर में अत्याधुनिक हथियारों से लैस कमांडो को बुला लिया गया।

# जबलपुर में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**जबलपुर।** जबलपुर के सेंट गेब्रियल स्कूल में बम रखे होने की सूचना से हड़कंप मच गया। स्कूल में बम प्लांट होने की यह धमकी प्रिंसिपल को ईमेल के माध्यम से दी गई। स्कूल में बम होने की खबर जैसे ही फैली अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। स्कूल में बम होने की धमकी उस समय दी गई, जब कुछ कक्षाओं में पढ़ाई चल रही थी। वहीं कुछ में परीक्षाएं हो रही थी।

बम की खबर अभिभावकों तक भी पहुंची तो वे भी बड़ी तादाद में स्कूल पहुंचे। इस बीच स्कूल प्रशासन के द्वारा कक्षाओं को खाली की कराया गया और सभी विद्यार्थियों को बाहर भेज दिया गया। पुलिस की सूचना पर बम डिस्पोजल स्क्वाड भी स्कूल पहुंचा और चप्पे चप्पे की तलाशी ली गई।



दरअसल, जबलपुर के रांझी इलाके में संचालित सेंट गेब्रियल हायर सेकेंडरी स्कूल में सुबह के वक्त प्रिंसिपल को ईमेल के जरिए स्कूल में बम होने की धमकी दी गई। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि किसी प्रभाकर नाम के व्यक्ति ने यह ईमेल किया है और उसके द्वारा शहर के अन्य स्कूलों में भी इसी तरह बम रखने और उन्हें उड़ाने की धमकी दी गई है। स्कूल में बम की खबर पाकर स्थानीय विधायक अशोक रोहाणी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी स्कूल प्रशासन अभिभावकों और पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। पुलिस के मुताबिक इस पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है और साइबर सेल के जरिए ईमेल भेजने वाले की भी पड़ताल की जा रही। बलिया से लोकमान्य तिलक तक जाने वाली कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। सागर जिले के बीना जंक्शन पर ट्रेन को रोककर जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर में बीना रेलवे स्टेशन पर उस समय हड़कंप मच गया, जब यहां रुकी ट्रेन में बम होने की सूचना पर आरपीएफ की टीम पहुंची। बलिया से लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक जाने वाले 11072 कामायनी एक्सप्रेस को बीना स्टेशन पर रोका गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने डिफॉल्टर राज्यों को दिया कड़ा संदेश, रिपोर्ट न देने पर जुर्माना भी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को घरेलू हिंसा कानून के क्रियान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल न करने के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को फटकार लगाई है और 5,000 रुपये का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को चार सप्ताह का समय दिया है, साथ ही चेतावनी दी कि अगर वे रिपोर्ट दाखिल नहीं करते हैं, तो अगली बार जुर्माना दोगुना हो जाएगा। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 25 मार्च को तय की है। मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने यह आदेश तब दिया जब याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल नहीं की।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले 2 दिसंबर 2024 को आदेश दिया था कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस कानून के कार्यान्वयन पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए।

# रीवा-आनंद विहार एक्सप्रेस में महिला यात्री बेहोश

**सतना।** शनिवार की तुलना में सोमवार को सतना जंक्शन पर कुंभ यात्रियों की भीड़ फिर से उमड़ आई। शाम के समय, जब रीवा-आनंद विहार ट्रेन स्टेशन पर आई, तो यात्रियों के बीच भारी भीड़ और धक्का-मुक्की देखी गई। इस दौरान एक महिला यात्री बेहोश हो गई और प्लेटफॉर्म पर गिर पड़ी। महिला को मिर्गी का दौरा पड़ा था। रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत उनकी मदद की, उन्हें पानी पिलाया और वीआईपी वेटिंग रूम में आराम करने के लिए ले जाया गया। करीब सवा 5 बजे रीवा-आनंद विहार ट्रेन जैसे ही आई, यात्री बोगियों में घुसने के लिए संघर्ष करने लगे। भीड़ की अधिकता के कारण कई यात्री अपनी सीट तो दूर, बोगी तक में नहीं घुस पाए।

# रोने वाले बच्चे की तरह बर्ताव कर रहे राहुल, नहीं टूटा कोई नियम: प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सीईसी कि नियुक्ति पर आलोचना को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह रोने वाले बच्चों की तरह काम कर रहे हैं, जबकि कोई नियम या कानून नहीं तोड़ा गया है।

प्रधान ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, कांग्रेस ने अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए अपनी सुविधानुसार संविधान को कई बार कुचली। कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर का उपहास करने और उनका अपमान करने का कोई मौका नहीं छोड़ा, फिर भी कांग्रेस के युवराज बाबा साहब और हमारे संस्थापक नेताओं के आदर्शों को कायम रखने का दुस्साहस कर रहे हैं। प्रधान ने कहा, राहुल का यह ताजा तमाशा सीईसी की नियुक्ति पर विवाद पैदा करने और दुष्प्रचार का एक और प्रयास है।

उन्होंने पूछा कि क्या राहुल गांधी भूल गए हैं कि कांग्रेस के शासन के दौरान चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कैसे की जाती थी? दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस सरकार ने चयन तंत्र में सुधार के लिए कुछ क्यों नहीं किया? शिक्षा मंत्री ने आगे कहा, वास्तव में, यह पहली बार है कि सीईसी की नियुक्ति संसद में पारित कानून के माध्यम से की गई है। यह हमारी सरकार है जिसने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए एक संयुक्त प्रणाली बनाई है, जिसमें विपक्ष के नेता भी शामिल हैं।

# देश की करीब आधी आबादी ने लगाई संगम में डुबकी

**प्रयागराज।** संगमनगरी में 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम महाकुंभ 2025 अब इतिहास रच चुका है। यहां अब तक 55 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 55 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है।



श्रद्धालुओं की संख्या 55 करोड़ के पार

एक अनुमान के मुताबिक भारत में कुल 110 करोड़ सनातनी निवास करते हैं। इस लिहाज से महाकुंभ में देश की आधे सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुका है। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 60 करोड़ से भी ज्यादा हो सकती है। भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। हालांकि, इसमें सबसे बड़ी संख्या सनातन धर्म को मानने वालों की है। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च के मुताबिक भारत की अनुमानित जनसंख्या 143 करोड़ (1.43 अरब) है। इसमें सनातन धर्मावलंबियों की संख्या लगभग 110 करोड़ (1.10 अरब) है। इस तरह अगर स्नानार्थियों की संख्या की तुलना भारत में सनातनियों की संख्या से की जाए तो 50 प्रतिशत लोग अब तक त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं।

यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो यह 38 प्रतिशत से अधिक बैठता है। यानी देश की कुल जनसंख्या की 38 प्रतिशत से ज्यादा जनसंख्या त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुकी है। प्यू रिसर्च 2024 की रिपोर्ट मानें तो पूरी दुनिया में 120 करोड़ (1.2 अरब) आबादी सनातन धर्म को मानने वाली है। इस लिहाज से पूरी दुनिया के 45 प्रतिशत से ज्यादा सनातनियों ने संगम में डुबकी लगाई है। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी कि स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें कि उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था। वहीं शुक्रवार (14 फरवरी) को यह संख्या 50 करोड़ के ऊपर पहुंच गई और अब इसने 55 करोड़ का नया शिखर छू लिया है। अभी महाकुंभ के समापन में नौ दिन शेष हैं और एक महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 60 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

# अमृत जल योजना 2.0 में भारी भ्रष्टाचार, अटेंडेंस में कर्मचारियों की उपस्थिति अधिक और मौके पर मिल रहे आधा

## निगम पर स्टोर और पाइप लाइन घोटाला के बाद स्वच्छता घोटाला का लगा आरोप

सिंगरौली

स्टोर, पाइपलाइन और मैनपॉवर में फर्जी फाइलों और बड़े बिलों के जरिए निगम में हुए 20 करोड़ के घोटाले का आकर जांच के बाद बढ़ाने की खबर आई लेकिन अब यह जांच ठंडी पड़ गई है हालांकि अब कांग्रेस पार्षद अनिल वैस ने कई करोड़ रुपए का स्वच्छता घोटाला का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जांच हुई तो नगर निगम के अधिकारी और सिटाडेल कंपनी का खेल सामने आ जाएगा।

कांग्रेस पार्षद अनिल वैस ने आरोप लगाया है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को अपना मिशन बनाया है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता एप की शुरुआत हुई। लेकिन नगर के जिम्मेदार अधिकारी स्वच्छता एप में की गई शिकायतों का निराकरण करने की वजह उन शिकायतों को रिजेक्ट कर रहे हैं। कागजों में सफाई कर्मी काम कर रहे हैं जबकि जमीनी हकीकत उससे बिल्कुल अलग है।यह खेल कई सालों से खेला जा रहा है। नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। नगर निगम चलाने में नगर सरकार और राज्य सरकार दोनों फेल है। भाजपा के नेता झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान को गति दे रहे हैं फोटो में स्वच्छता चलाया जा रहा है।लेकिन धरातल पर गंदगी का अंबार है। शहर में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है नालियां कचरे से पटी है, दुर्गंध से आम लोगों का जीना दूभर हो गया हैं। कमिश्नर खुद शहर का भ्रमण कर रहे हैं उन्होंने खुद माना कि जमीनी स्तर पर कोई सफाई कर्मी नहीं है। नगर निगम अधिकारी दिन भ्रष्टाचार कर रहे हैं। लेबर सप्लाई में आधे आदमी लगाए जाते हैं और आधे मजदूरों का पैसा अधिकारियों और नेताओं के जेब में जा रहा है।

### अटेंडेंस पूरा मौके पर नहीं मिलते कर्मचारी

कांग्रेस पार्षद ने आगे कहा कि आंकड़ों में यह सब ठीक दिखता है व्यवस्था भी सही है लेकिन ऐसा होता नहीं है, मौके पर रोज कर्मचारी कम ही रहते हैं लेकिन अटेंडेंस सभी की जाती है. कचरा उठाने में कागजों में जितनी गाड़ियां दौड़ रही है उसकी आधी गाड़ियां भी जमीनी स्तर पर नहीं चल रही हैं। घर-घर कचरा उठाने वाली गाड़ियां दूसरे और तीसरे दिन पहुंच रही हैं।

उन्होंने कहा कि काम पूरा होता नहीं उसके पहले अधिकारी ही ठेकेदार को बुलाकर बिना रुकावट के उसका बिल भुगतान करते हैं ताकि उनका हिस्सा मिल सके।

चंद्र कंस्ट्रक्शन कंपनी को अमृत जल योजना 2.0 का काम 37 करोड़ का मिला है। बिना बेस बने पाइप डाली जा रही हैं आने वाले बरसात में मिट्टी बैठेगी और पाइपे टूट जाएंगी। कार्यस्थल पर कोई टेक्निकल नहीं मौजूद रहता। ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। वहीं ठेकेदार सड़कों से निकली मिट्टी और कंक्रीट निकाल कर बेच रहा है। ठेकेदार मिट्टी को 500 रूपए और कंक्रीट को 1000 रूपए प्रति ट्रैक्टर ट्राली में बेच रहा हैं। कई बार इसकी शिकायत कमिश्नर सहित अधिकारियों से किया लेकिन अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रहेगा। यदि यही मिट्टी और कंक्रीट उन सड़कों और डाला जाए जहां गड्ढे हैं तो निगम का ही पैसा बचेगा लेकिन अधिकारी भ्रष्टाचार की नई इमारत लिखने में लगे हैं।

## छत्रसाल स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

सीधी। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार रीवा क्रिकेट डिविजन के मार्गदर्शन में छत्रसाल स्टेडियम में जिला क्रिकेट संघ सीधी द्वारा डीसीए, और डीसीए बी के मध्य अंडर 13 का 2 दिवसीय सलेक्शन मैच खेला गया। सर्वप्रथम मैच की शुरुआत होने से पहले इस मैच के मुख्य अतिथि डॉ. अनूप मिश्रा, विवेक सिंह चौहान, प्रतीक सिंह परिहार डीसीए के सचिव उपेंद्र सिंहए डॉ. विक्रम सिंह प्रमोद द्विवेदी अखिल सिंह कौशलेंद्र सिंह चंदन मिश्राने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। उसके बाद टॉस कराया डीसीए ए के कप्तान शौर्य प्रताप ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएस ए ने अपनी पहली पारी में 363 बनाकर ऑल आउट हो गई। डीसीए के तरफ से शौर्य प्रताप सिंह ने 150 रन, अर्णव ने 38 रनए नैतिक ने 33 रन बनाए डीसीए बी की तरफ से दिव्यांश ने 3 विकेट एवं अथर्व ने 3 विकेट लिए एवं डीसीए बी की टीम अपने पहली पारी में 400 रन 8 विकेट खोकर बनाए डीसीबी की तरफ से प्रारूप ने 204 रन, युवराज केसरी ने 89 और आदित्य राज मौर्य ने 48 रन बनाए डीसीए की तरफ से कमल नयन ने 3 विकेटए अर्जुन ने 1 विकेट विजय मौर्य ने एक विकेट लिए और प्रणव मिश्रा ने दो विकेट लिए और यह मैच पहले पहाड़ी बढ़त के आधार पर डीसीए बी ने अपने नाम किया इस मैच के निर्णायक बृजेश सोंधिया एवं अभिषेक सिंह परिहार रहे।

# आम जनों से लगातार बनती जा रही दूरियां, संवाद स्थापित करने पर बल

सिंगरौली। जिले में पिछले कुछ वर्षो से आम जनता एवं अधिकारियों की बीच की दूरियां लगातार बढ़ती जा रही है। इसके पीछे एक नही अनेक कारण गिनाये जा रहे है।

प्रबुद्धजन मान रहे है कि आमजनों से संवाद नही होगा तो दोनों के बीच गहरी खाईयां बनती जायेंगी। इसका जीता-जागता उदाहरण अमिलिया घाटी-गड़ाखाड़ में तोड़फोड़ की आगजनी की घटना है। माना जा रहा कि विवाद रोकने मे पुलिस फेल रही है। जिला मुख्यालय से घटना स्थल की दूरी अधिकतम 35 किलोमीटर है। फिर भी एसपी 5 घण्टे में पहुंचे थे।

गौरतलब है कि जिले के चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के अलावा देवसर एवं सिंगरौली विधानसभा का क्षेत्र अधिकांश हिस्से में औद्योगिक कम्पनियां स्थापित हो रही हैं। भूमि अधिग्रहण के बाद विस्थापन, बेरोजगारी एक जटिल समस्या बन गई है और इस ज्वलंत समस्या का हल निकालने में जिला प्रशासन अब तक असफल रहा है। इसके बारे में प्रबुद्धजन नागरिक मानते है कि विस्थापितों एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के बीच संवाद की कमी है। वर्तमान में जिले के आलाधिकारी भिड़ को देख उनके बीच जाना नही चाहते और न ही उनकी समस्यों को सुनने के लिए दिलचस्पी नही रखते है। यहा तक की विस्थापन एवं रोजगार से जुड़े आवेदन पत्रों को ठण्डे बस्ते में डाल देते है। कहने के लिए प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट एवं एसपी दफ्तर में जनसुनवाई आयोजित की जाती है। उक्त जनसुनवाईयों में लोगों के आवेदनों को कितनी तरजीह मिलती है। इसे आलाधिकारी ही बता पायेंगे। लेकिन लोगों के जुवान पर यही चर्चा है कि जनता एवं अधिकारियों एवं संवाद की कमी के चलते लगातार खाईयां बढ़ती जा रही है। आपने इसके पूर्व किस जिले में क्या उपलब्धियां हासिल किये है। जनता उस प्रवचन को सुनना नही चाहती है। पूर्व जिले का अनुभव फिर यहां काम क्यों नही आया? फिलहाल अमिलिया घाटी एवं गड़ाखाड़ अग्निकाण्ड को लेकर जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर लोग तरह-तरह के सवाल खड़े कर रहे है।

### हक मांगोगे पर एफआईआर की धमकी

सिंगरौली सिंगापुर बने या ना बने यह आने वाला वक्त बताएगा लेकिन जिले में लगातार हो रहे विस्थापन और हादसों सहित बढ़ते प्रदूषण को लेकर लोगों के नजरों से अधिकारी और जनप्रतिनिधि उतर रहे हैं जिम्मेदारों के प्रति आम लोगों के सीने में जो नॅरेटिव सेट हो रहा है वह किसी ज्वाला से कम नहीं है। यदि समय रहते अधिकारी और जनप्रतिनिधि आम जनमानस के नब्ज को नहीं पकड़ा तो वह दिन दूर नहीं जब जिला प्रशासन और सरकार को बड़ी चुनौती मिले तो आश्चर्य नहीं होगा। जिले में कई ऐसे अधिकारी हैं जो खुद ही मियां मिठू बन गए हैं और अपने पुराने कार्यकाल को बताते हुए खुद का कालर ऊपर करते हैं और अपनी उपलब्धियां गिनाते हैं। लेकिन वह अभी भी सिंगरौली के दर्द और नब्ज को समझने मैं कोई दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं। यदि कोई विस्थापित परिवार अपने हक मागने के लिए धरना प्रदर्शन करता है। तो उसे हक दिलाने के बदले एफआईआर दर्ज करने की धमकिया दी जाती है।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले 6 चालकों पर यातायात पुलिस की कार्यवाही



सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते के निर्देशन में थाना यातायात पुलिस टीम द्वारा मध्यरात्रि को औचक चेकिंग लगाया जाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग की गई।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत 17-18 फरवरी को मध्य रात्रि में अलग-अलग टीम लगाया जाकर शहर के माजन मोड एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान लगभग 50 वाहनों को चेक किया गया एवं समझाइश दी गई थी। शराब या अन्य कोई मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने से मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं वाहन पर समुचित नियंत्रण नहीं हो पाता जिस कारण से दुर्घटनाएं घटित हो जाती है । जहा 5 ट्रक 1 ऑटो का वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर निराकरण हेतु न्यायालय पेश किया जाएगा। वाहन चालको का लाइसेंस निलंबन कराया जाएगा। वही न्यायालय के आदेशानुसार 6 महीने के लिए वाहन ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन कराए जाने हेतु प्रस्ताव संबंधित जिला परिवहन कार्यालय में भेजा जाएगा। यातायात पुलिस अपील करती है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन करें। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात दीपेंद्र सिंह सउनि सवालिया रावत प्रधान आरक्षक उमेश बागरी, आरक्षक संजीव एवं आरक्षक प्रवेश तिवारी अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

# आप पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौपा ज्ञापन

## किसानों को गेहूं एवं धान का भाजपा के संकल्प पत्र 2023 के अनुसार मिले उचित दर

सिंगरौली



आम आदमी पार्टी सिंगरौली के जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद के अगुवाई में मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए याद दिलाई गई कि गेहूं एवं धान का भाजपा के मध्य प्रदेश संकल्प पत्र 2023 के अनुसार किसानों को उचित मूल्य उपलब्ध कराई जाए।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद ने मुख्यमंत्री को सौपे माग पत्र में कहा है कि भाजपा के मध्य प्रदेश संकल्प पत्र 2023 मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा विधानसभा चुनाव के समय भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों से वादा किया था कि हम सत्ता में आने के बाद गेहूं एवं धान का समर्थन मूल्य एवं बोनस मिलकर क्रमश: गेहूं का 2700 रुपए एवं धान का 3100 का भुगतान अन्नदाता किसान को करेंगे, लेकिन यह खेद जनक है कि वर्तमान में भाजपा सरकार के द्वारा गेहूं एवं धान का जो मूल्य घोषित किया गया है वह संकल्प पत्र से बहुत दूर है और संकल्प पत्र में किए गए वादे से किसानों के साथ वादा खिलाफी है। साथ ही वर्तमान में गेहूं की लागत मूल्य की गणना करने पर जात होता है कि अगर 2700 भी आम आदमी पार्टी की मांग के बाद आपके संकल्प पत्र अनुसार किसानों को देते हैं तो वह नाकामी है क्योंकि वर्तमान में खाद,बीज,बिजली, श्रम, डीजल, सिंचाई का अगर आंकलन किया जाए तो प्रति क्विंटल लगभग 3000 के आसपास आता है। ऐसी स्थिति में लागत मूल्य भी ना मिल पाने से किसान कर्जदार होता जा रहा है। और कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने चुनाव के दौरान प्रदेश में किसानों की माली हालत सुधारने का वादा किया था और फसलों के उचित दाम देने का वादा किया था लेकिन भाजपा ने चुनाव जीतने के बाद अभी तक किसानों के हित में गेहूं और धान का उचित मूल्य घोषित नहीं किया है। जिसके कारण किसान ने जो भरोसा भाजपा के संकल्प पत्र के ऊपर कर भाजपा के पक्ष मैं मतदान किया था वह टूटता नजर आ रहा है और किसान अपने आप को मतदान करने के बाद ठगा हुआ महसूस कर रहा है। ज्ञापन के दौरान रावेन्द्र कुमार शाह,अखिलेश साकेत, अनिल साकेत,मुकेश कुमार शाह, सीता पति, अभिमन्यु, संजय कुमार साह,शिवा शाह, राजकुमार सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीते वर्ष बैढन से नाबालिग अपहृता को दमोह एवं 19 वर्षीय गुमशुदा को पुलिस ने सूरत से किया दस्तयाब



सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा अपहृत गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अतरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, सीएसपी पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अशोक परिहार एवं पुलिस टीम को 1 नाबालिग अपहृता एवं एक 19 वर्षीय गुमशुदा को दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई।

जानकारी अनुसार बीते वर्ष 21 नवंबर को सूचनाकर्ता द्वारा अपनी 17 वर्षीय नातिन को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहलाफुसलाकर अपने साथ ले जाने की रिपोर्ट पर थाना बैढ़न में अपराध क्र. 1515/24 धारा 137 (2) बीएनएस का कायम किया गया एवं 4 नवंबर को 19 वर्षीय गुमशुदा निवासी गनियारी के घर से बिना बताये कही चले जाने की रिपोर्ट पर थाना बैढ़न में गुम इंसान कायम किया गया था। सायबर सेल की मदद से अपहृता एवं संदेही की लोकेशन सूरत, गुजरात की प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना प्रभारी अशोक सिंह परिहार द्वारा पुलिस टीम गठित कर सूरत गुजरात रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा 19 वर्षीय गुमशुदा को सूरत, गुजरात से दस्तयाब किया गया एवं नाबालिग अपहृता व संदेही के संबंध में पता तलाश करने पर दोनों के दमोह (म.प्र.) जाने की जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा अपहृता एवं अपहृता को बहलाफुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले आरोपी को दमोह से दस्तयाब किया गया। नाबालिग अपहृता को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया है।उक्त कार्यवाही में निरी. अशोक सिंह परिहार, सउनि सजीत सिंह, प्रआर अंकित सिंह, म प्रआर शकुन्तला यादव व सायबर सेल सिंगरौली का सराहनीय योगदान रहा।

## दिव्यांग महिला ने कलेक्टर से लगाई गुहार, 16 माह का दिलाए मेरा वेतन

सिंगरौली। कलेक्टर की जनसुनवाई में एक दिव्यांग महिला पहुंचकर आरोप लगाया कि आदर्श विकलांग सेवा संघ संस्था द्वारा संचालित मानव स्पंदन ग्राम सिद्धि खुर्द के द्वारा 16 माह का वेतन संस्था के द्वारा मेरा नहीं दिया जा रहा है। मेरा वेतन दिलाया जाए। जहां कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि वेतन का भुगतान कराया जाएगा। ग्राम बनौली निवासी अरमिला शाह मैं कलेक्टर को आवेदन देते हुए कहा कि मैं आदर्श विकलांग सेवा संघ संस्था द्वारा संचालित मानव स्पंदन सिद्धि खुर्द में दिव्यांग जनों का आवासीय विद्यालय व डे केयर सेंटर में मैं काम की हूं और जुलाई 2024 तक पूरा कार्य की हूं। इसके बाद मुझे संस्था के द्वारा निकाल दिया गया था। जिसमें मात्र मुझे एक माह का वेतन 13 हजार मार्च 2024 में दिया गया है। शेष 16 माह का वेतन संस्था के द्वारा रोक दिया गया है। दिव्यांग महिला ने कलेक्टर से कहा कि मैं एक गरीब विकलांग महिला हूं और मेरे माता-पिता बीमार रहते हैं। मेरे वेतन से ही उनका दवा इलाज होता है।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई



सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर पीएस परस्ते, थाना प्रभारी बैढ़न निरीक्षक अशोक सिंह परिहार, विंध्यनगर टीआई अर्चना द्विवेदी,महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक श्रीमती प्रियंका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक के द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।जनसुनवाई में महिला फरियादियों की शिकायतो को तत्परता से कार्यवाही किये जाने हेतु महिला अधिकारी-कर्मचारीयों से शिकायतो की कॉउंसलिंग कराई जाकर उनकी शिकायतो के निराकरण एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# शिव मंदिर पचौर प्रांगण का विधिवत कराई जाए साफ सफाई

## शिव मंदिर समिति पचौर ने कलेक्टर से की मांग

सिंगरौली

शिव मंदिर समिति पचौर के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रसाद शुक्ल ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए कहा कि शिव मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन आगामी 26 फरवरी से होने जा रहा है प्रांगण में साफ सफाई की व्यवस्था नगर निगम के द्वारा कराया जाए। कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया गया कि आजाद वार्ड क्रमांक 44 पचौर स्थित शंकर भगवान मंदिर के प्रांगण में पूर्व की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय महाशिवरात्रि के अवसर पर मेले का आयोजन किया जाएगा। जहां 26 फरवरी से 28 फरवरी तक विशाल मेले का आयोजन होगा। मंदिर प्रांगण में व्यवस्थित ढंग से दुकानों को आवागमन का रास्ता, साफ सफाई, प्रकाश की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही मंदिर परिसर में पूजा अर्चन करने हेतु पक्तिबद्ध तरीके से बेरीकेटिंग कराया जाए। मेला प्रांगण में प्राथमिक चिकित्सा हेतु डॉक्टर की एक टीम एम्बुलेंस अग्निशामक यंत्र फायर ब्रिगेड की व्यवस्था कराई जाए। माग पत्र में आगे कहा गया है कि शिव मंदिर पचोर परिसर एवं मेला प्रांगण में शुद्ध पेयजल मेला के चारों ओर पृथक पृथक टैंकर खड़ा कराया जाकर व्यवस्था कराई जाए । यात्री प्रतीक्षालय की पुताई कराई जाए। मेला प्रांगण में डेकोरेशन एवं साउंड सर्विस सहित 25 कुर्सी एवं पंडाल लगाया जाए। वही कहा गया कि शिव मंदिर परिसर में महिला एवं पुरुष पुलिस के जवान की तैनाती कराई जाए ताकि आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या से न जूझना पड़े।

# अमिलिया सड़क हादसे में मृतको के घर पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष व कांग्रेस पदाधिकारी



सिंगरौली। हाल ही में 14 फरवरी को हुए भीषण सड़क हादसे में मृतक रामसागर प्रजापति एवं राम लालू यादव के घर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी अपने पदाधिकारी के साथ पहुंच कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं परिजनों से उनका दुख साझा किया। श्री द्विवेदी ने दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार के नुमाइंदे पूरी तरह से अदानी कंपनी को सुरक्षित करने में लगे हुए हैं पीडित परिवार सड़क हादसे में अदानी के कोल परिवहन से अपना सब कुछ खो दिया कंपनी द्वारा किसी भी प्रकार की सहायता राशि उक्त पीड़ित परिवार को नहीं दी गई। नौकरी के नाम पर ठेका पद्धति में मजदूरी पर रखने का आश्वासन दिया गया है। साथ ही साथ सबसे निंदनीय विषय यह रहा कि पीड़ित परिवार के घर जब क्षेत्र के विधायक पहुंचे तो भारी पुलिस बल के साथ आखिर यह समझ के परे है कि विधायक भयभीत थे या जनता के बीच में भय पैदा करने के लिए पहुंचे थे। उक्त बात को चर्चा के दौरान पीड़ित परिवार ने श्री द्विवेदी से साझा किया। जिला पंचायत सदस्य संदीप शाह,जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह पैगाम, जिला पंचायत सदस्य सविता प्रजापति, जिला महामंत्री ग्रामीण प्रवीण सिंह चौहान, कांग्रेस नेता सीपी शुक्ला, राजकुमार दीपंकर, समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुन्नी लाल यादव, जिला कांग्रेस सचिव इस्लामुद्दीन, सरपंच सुभाष शाह व अन्य लोक ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हल्का पटवारी चिनगी टोला को हटाए जाने सरपंच ने कलेक्टर से की फरियाद

## लगाया आरोप, गरीब जनता से खुले आम लेता है रिश्वत

सिंगरौली

कलेक्टर सिंगरौली के यहां ग्राम पंचायत चिनगी टोला सरपंच ने कलेक्टर से फरियाद करते हुए पटवारी को हटाए जाने की मांग की है। दिए शिकायती पत्र में कहां है कि पटवारी खुलेआम गरीबों से रिश्वत लेता है।

कलेक्टर की जनसुनवाई में ग्राम पंचायत चिनगी टोला की सरपंच गीता कुमारी वैस आवेदन देते हुए कहा कि हल्का पटवारी चिनगी टोला अनिल सिंह खैरवार के द्वारा जमीन नामांतरण, विभाजन, तर्मीम,सीमांकन के नाम पर खुलेआम गरीब जनता से पैसा लिया जा रहा है। गरीब जनता द्वारा सरपंच को अवगत कराया जाता है। पटवारी से जब बात की जाती है धमकाया जाता है। पटवारी के इस कृत्य के कारण गरीब जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। सरपंच ने कलेक्टर को लिखे आवेदन में कहा है कि पटवारी के द्वारा अशब्द भाषा का प्रयोग किया जाता है। और कहा जाता है कि हम सरपंच के अंडर में काम नहीं करते हैं हमारा कोई कुछ नहीं कर पाएगा। शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का व आदिवासी एक्ट का धौस दिखाया जाता है। पटवारी की तानाशाही के चलते ग्राम पंचायत की जनता काफी परेशान है खुलेआम पैसा लिया जा रहा है। आखिर गरीब जनता किसके शरण में जाए। ऐसे भ्रष्ट हल्का पटवारी को तत्काल हटाया जाए। और दूसरे पटवारी को चिनगी टोला में पदस्त किया जाए। ताकि आम जनता का सही तरीके से काम हो सके।

# देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का बजट, समृद्धि और कल्याण से परिपूर्ण : गणेश

## पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित

**सीधी।** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार द्वारा केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर भारत केंद्रीय बजट 2025 - 26 पेश किया गया है, जो 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को दर्शाता है। पेश किया गया बजट समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन स्तर को उठाने वाला साबित होगा। युवा, अन्नदाता किसान, गरीब और नारी शक्ति के उत्थान पर केंद्रित बजट को 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित केंद्रीय बजट की विशेषताएं विषय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, सतना लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में व्यक्ति की। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक विशिष्ट रूप से उपस्थित रही। पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने किया।




पत्रकारों को संबोधित करते हुए सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि बजट समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही विकसित भारत की संकल्पना को आधार देने के लिए भी यह बजट प्रभावी होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य लेकर भारत विकसित और विश्व गुरु बने, इस विजन को परिलक्षित करता है।

मुख्य वक्ता सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि 2014 के बाद भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर सबसे तेज गति से बढ़ाने वाली अर्थव्यवस्था है। कोविड काल में जहां विश्व की महा आर्थिक शक्तियों ने घुटने टेक दिए थे, वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 80 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराकर, जनता जनार्दन की सेवा की है।

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि बजट की मुख्य विशेषता आयकर में 12 लाख की छूट सीमा अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसे लेकर मध्यम वर्ग और देश के लोगों में अत्यंत उत्साह व्याप्त है। पहले 2 लाख की आयकर छूट सीमा हुआ करती थी किंतु यह अप्रत्याशित, अभूतपुर और ऐतिहासिक तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बढ़ते हुए 12 लाख तक का करना, अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसके साथ ही 75000 की बचत भी जोड़ दें, तो यह छूट सीमा 12 लाख 75 हजार की हो जाएगी।

मुख्य वक्ता सांसद गणेश सिंह ने कांग्रेस को आढे हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश को आजादी के बाद पिछलग्गू और पिछड़ा बनाकर रखा। भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने लघु और कुटीर उद्योग और नए-नए स्टार्टअप के माध्यम से भारत को आज विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था मे लाकर खड़ा किया है। अति शीघ्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। मुख्य वक्ता और सांसद गणेश सिंह ने बजट की अनेक विशेषताओं को विस्तार से बताते हुए कहा कि कुल मिलाकर यह बजट सर्व स्पर्शी और सर्वव्यापी के साथ विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ने वाला बजट है। शानदार बजट प्रस्तुत करने के लिए मैं देश की जनता जनार्दन की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हृदय से आभार व्यापित करता हूं। पत्रकार वार्ता में आभार प्रदर्शन जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने किया। पत्रकार वार्ता में सुधीर शुक्ला, सोशल मीडिया जिला संयोजक जितेंद्र तिवारी, आशा गोपाल पटेल सहित प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और वेब मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान द्वारा मुख्य वक्ता सांसद गणेश सिंह ,सीधी सांसद डॉ राजेश मिश्रा ,सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक का माल्यार्पण एव पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। सीधी विधायक श्रीमती रीति पाठक ने शाल श्रीफल से मुख्य वक्ता गणेश सिंह का स्वागत किया।

## द्वितीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोजन आज



**सीधी।** जिला एथलेटिक्स संघ सीधी के तत्वाधान में द्वितीय जिला स्तरीय एथलेटिक्स (दौड़) प्रतियोगिता का आयोजन आज दिनांक 19 फरवरी दिन बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 परिसर खेल मैदान में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सीधी विधानसभा विधायक माननीया श्रीमती रीति पाठक व कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा सीधी देव कुमार सिंह व कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंकज पांडे एड भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष, जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष राहुल वर्मा, एथलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष माखन मिश्रा, जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव रोशन जायसवाल व सीधी जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय खेल शिक्षक के उपस्थित रहेंगे और विधायक दीदी के द्वारा खिलाड़ियों से अपील है कि सभी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग ले और जिले का नाम रोशन करे।

# मारपीट के आरोपियों को एक वर्ष की सजा

**सीधी।** बताया गया कि फरियादी पैश्वनी कुमार पाण्डेय ने दिनाँक 18.04.2020 को इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई। कि आज दिनाँक को सुबह 08ः00 बजे के लगभग उसके घर के सामने ग्राम अमडिहा, थाना बहरी, जिला सीधी में राजरूप कुशवाहा, सागर कुशवाहा, कैलाश यादव के साथ पुरानी बात को लेकर झगड़ा कर रहे थे। झगड़ा करने से मारने पर राजरूप कुशवाहा व सागर कुशवाहा ने उसके साथ गाली गलौज की। गाली गलौज से मना करने पर राजरूप ने उसके साथ लाठी से तथा सागर कुशवाहा ने पत्थर से उसके साथ मारपीट की तथा उसे जान से खत्म करने की धमकी दी। उक्त सूचना के आधार पर थाना बहरी, जिला सीधी में अपराध क्रमांक 109/20 अंतर्गत धारा 294, 324 विकल्प में 324/34, 325 विकल्प में 325/34 एवं 506 भाग-2 भा.दं.सं. का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना पश्चापत् अभियोग पत्र माननीय न्यातयालय सीधी के समक्ष प्रस्तु3त किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 371/2020 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा के द्वारा आरोपीगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्याीयिक मजिस्ट्रेआट प्रथम श्रेणी सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपी सागर कुशवाहा पिता राजरूप कुशवाहा, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम अमडिहा, थाना बहरी, जिला सीधी, (म0प्र0) को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध के आरोप में दोषसिद्धि पर एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा 1,000/- (एक हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि अदा करने में व्यतिक्रम की दशा में अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा अभियुक्त राजरूप कुशवाहा पिता साधू कुशवाहा, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम अमडिहा, थाना बहरी, जिला सीधी, (म0प्र0) को भारतीय दण्ड संहिता धारा 324 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध के आरोप में दोषसिद्धि पर एक वर्ष का सश्रम कारावास तथा 1,000/- (एक हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि अदा करने में व्यतिक्रम की दशा में अभियुक्त को दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताये जाने की निर्णय पारित किया गया।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन जारी

## किसानों से 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा गेंहू का उपार्जन

**सीधी।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से शुरू हो गया है। पंजीयन 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि किसान प्रस्तावित खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 114 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

## अनिल को ट्राइसाइकिल तथा लवकुश को वैशाखी मिलने से चेहरे में मुस्कान आई

**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 114 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-




सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम बेलहा से आये अनिल शाह ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि जन्म से पैर से दिव्यांग होने के कारण चल नहीं पाता यदि ट्राइसाइकिल मिल जाए तो समस्या का निराकरण हो जाये। इसी प्रकार जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम हटवा से आए लवकुश साकेत ने बताया कि पैर में दिक्कत होने के कारण कहीं आने जाने में समस्या हो रही है। कलेक्टर ने शिकायत का तत्काल निराकरण सामाजिक न्याय विभाग से कराया। साथ ही उनकी शारीरिक की स्थिति को देखते हुए अनिल को ट्राई साइकिल और लवकुश को वैशाखी प्रदान कराई। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर अनिल और लवकुश खुश और संतुष्ट दिखे। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल सीधी का निरीक्षण

**सीधी**

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री प्रयाग लाल दिनकर एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला द्वारा जिला जेल सीधी में मंगलवार दिनांक 18-02-2025 को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजन के साथ जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा



प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर ने बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की तथा बंदियों को उनके अधिकार संबंधी जानकारी दी।

शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी गई। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने बंदियों को जानकारी देते हुए कहा कि निःशुल्क विधिक सहायता तहसील एवं जिला न्यायालय के साथ उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा उच्चतम न्यायालय में उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति के माध्यम से उपलब्ध होती है।

उक्त शिविर में जेल अधीक्षक श्री रविशंकर सिंह, उप जेल अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार तिवारी, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री उमाकांत शुक्ला सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

## पति की मृत्यु के बाद बेवा को नहीं मिली सहायता राशि

**सीधी।** जनपद पंचायत सीधी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पडखुरी नंबर 2 की निवासी बेवा संजू साहू ने जन सुनवाई में आवेदन देकर सहायता राशि की मांग की है। बेवा संजू का आरोप है कि मेरे पति की मृत्यु के बाद कर्मकार कार्ड होने के बाद भी शासन से मिलने वाली सहायता राशि नहीं दी गई। बता दें कि 6 अक्टूबर 2023 को करंट लगने से उसके पति वशिष्ठ साहू पिता रघू साहू उम्र 26 वर्ष की मृत्यु हो गई थी। आवेदिका ने बताया कि 6 अक्टूॅबर को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सीधी में राजकुमार साहू पटवारी के मकान में मेरे पति द्वारा मजदूरी का कार्य किया जा रहा था। उसी दौरान बिजली के करंट की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

# रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले में 67 आवेदको का प्राथमिक चयन

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई. सीधी एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी के संयुक्त तत्वाधान में 18 फरवरी 2025 को शासकीय आई.टी.आई. मड़रिया सीधी के परिसर में एक दिवसीय ''युवा संगम'' संयुक्त रूप से रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में देश/प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 04 कंपनियो ने भाग लिया जिसमे 96 युवक एवं युवतियों ने अपना



पंजीयन कराया एवं 67 आवेदको का प्राथमिक चयन किया गया। स्वरोजगार से संबंधित विभाग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, म.प्र. ग्रामीण आजीविका मिशन, आर-सेटी सीधी, जनजातीय कार्य विभाग सीधी, उद्यानिकी सीधी ने अपने विभागो में चलने वाली स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर आवेदको को स्वरोजगार संबंधी सलाह दी।

# स्कूटी मिलने की खबर से गदगद हुई रिचा तिवारी

**सीधी**

ग्रामीण क्षेत्रों में भी पढने वाली छात्राओं ने अपना हुनर दिखाकर यह काबिलियत हांसिल कर दी है कि हम भी कहीं कमजोर नहीं है। ऐसी ही हुनर दिखाने वाली रिचा तिवारी जो कि मॉडल हायर सेकेण्ड्री स्कूल खजुरी में अध्ययनरत रही हैं। जिन्हें कि मुख्यमंत्री द्वारा स्कूटी दिलाने की सूची में नाम जारी किया है।

सीधी जिले के डेवाडांड निवासी साधारण परिवार में निवासरत रिचा तिवारी मॉडल स्कूल खजुरी में बायो से 12वीं की परीक्षा सत्र 2023-24 में उत्तीर्ण की थी। जिनका प्रतिशत 83.4 रहा है। खुद के बल-बूते मेहनत के बतौर छात्रा ने बायो जैसी विषय में बड़ी उपलब्धि हांसिल की है। जिस वजह से अब उन्हें स्कूटी मिलने की सौगात मुख्यमंत्री द्वारा दिलाने की योजना की गई है। अब जल्द ही उन्हें स्कूटी की सौगात मिलेगी। वर्तमान में छात्रा संजय गांधी कॉलेज में भी अध्ययनरत हैं। उनकी माता सीता तिवारी एवं पिता मनीष तिवारी, बड़े पिताजी एवं चाचा सहित परिवार जनों में इस उपलब्धि पर बेहद खुशी देखी जा रही है। वहीं छात्रा रिचा ने इसका श्रेय माता-पिता एवं विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त स्टॉफ को देते हुए कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हमारे मुख्यमंत्री ने इस योजना के तहत हमें स्कूटी दिलाने का काम किया है। उन्होने कहो कि हम डॉक्टर बनने की इच्छा रखते हैं। इसके लिए मैं लगातार पढ़ाई करूंगी। इसके लिए हमें माता-पिता सहित सभी का सहयोग मिल रहा है। छात्रा रिचा तिवारी ने कहा कि आज भी छात्राएं कहीं कमजोर नहीं हैं। पढ़ाई में ध्यान दें जिससे उनका कैरियर बेहतर रहेगा। लैपटॉप मिलने के बाद हमारी पढ़ाई में और ज्यादा मदद मिलेगी। इसके लिए हम मुख्यमंत्री को की योजना का स्वागत करते हैं। आज हम सौभाग्य मानते हैं कि हमें स्कूटी सहित लैपटॉप भी मिलेगा। हम सभी छात्र-छात्राओं से यह अनुरोध करते हैं कि अपने कैरियर को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई करें। सरकारी स्कूलों में भी पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं कहीं कमजोर नहीं होते हैं।

## इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन के निर्देश

**सीधी।** प्रदेश के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोष एवं लेखा के आईएफएमआईएस पोर्टल के माध्यम से तैयार होता है। पोर्टल में प्रत्येक शासकीय सेवक की इम्पलाई प्रोफाइल बनी हुई है जिसमे समस्त विवरण दर्ज हैं। संचालक कोष एवं लेखा में इम्पलाई प्रोफाइल को समग्र आईडी से सत्यापित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी मुकेश तिवारी ने बताया कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख उनके अधीन पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन करके आधार संख्या से लिंक कराएं। सभी शासकीय कर्मचारी इम्पलाई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से अपनी समग्र आईडी को दर्ज कर सत्यापित कर सकते हैं। शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा 28 फरवरी 2025 तक सभी कर्मचारियों की इम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन कराने का अनुरोध किया गया है।

# विधायक ने मौहरिया में 141.70 लाख के स्टेडियम निर्माण का भूमिपूजन किया

## स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को निखारने में सहायता मिलेगी : रीती

**सीधी।** विधायक श्रीमती रीती पाठक द्वारा ग्राम मौहरिया में नवीन स्टेडियम निर्माण का भूमि पूजन किया गया। मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी द्वारा मौहरिया में 141.70 लाख रुपये लागत से नवीन स्टेडियम का निर्माण किया जावेगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह एवं देव कुमार सिंह चौहान की विशिष्ट उपस्थिति रही।



विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की सरकार सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को निखारने में सहायता मिलेगी। क्षेत्र के युवाओं की क्षमता में वृद्धि होगी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता की मांग के आधार पर क्षेत्र का सतत विकास किया जाएगा। केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। विकास का काम धरातल पर दिखेगा जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, ग्राम पंचायत मौहरिया की सरपंच शिवकुमारी सिंह, उपखण्ड अधिकारी नीलेश शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी, अमन पाठक, पुष्पराज सिंह, सहित जनप्रतिनिधिगण, एसडीओ आरईएस, उपयंत्री, एपीओ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### देर आए, दुरुस्त आए

लंबे इंतजार के बाद आखिर कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन में फेरबदल की कवायद को गति दी है। महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता के नामों का ऐलान हुआ, फिर दो महासचिवों सहित 13 राज्यों व चार केंद्र शासित क्षेत्रों के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। इस पहल ने बेशक पार्टी में उम्मीद पैदा की है, हालांकि इससे कई सवाल भी जुड़े हुए हैं। 2022 में हुए पार्टी के उदयपुर अधिवेशन के बाद संगठन में बड़े बदलाव लाने वाले फैसलों का इंतजार हो रहा था, लेकिन एक के बाद एक कई कारणों से यह कार्य टलता जा रहा था। आखिरकार तय किया गया कि साल 2025 में उदयपुर अधिवेशन में पारित प्रस्तावों पर अमल किया जाएगा। मल्लिकार्जुन खरगे के बतौर अध्यक्ष कार्यभार संभालने के बाद इसकी भूमिका भी तैयार हो चुकी थी। इसलिए अब माना जा रहा है कि इस पहल को इसकी तार्किक परिणति तक पहुंचाया जाएगा। पिछले कुछ चुनावों में भले ही कांग्रेस को अपेक्षित चुनावी सफलता नहीं मिली, लेकिन राहुल गांधी की अगुआई में तय किए गए अजेंडे में एकरूपता रही है। खासकर, जाति जनगणना और दलितों-पिछड़ों व अनुसूचित जनजातियों की विभिन्न क्षेत्रों में कम नुमाइंदगी से जुड़े सवालों पर पार्टी का जोर लगातार बना रहा। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक था कि खुद कांग्रेस पार्टी इस मामले में क्यों पीछे खड़ी दिख रही है। इस लिहाज से यह महत्वपूर्ण है कि नए बदलावों के बाद अब पार्टी की सीनियर लीडरशिप का 70-75त्न हिस्सा ह्लक्ष्ट, स्न्न-स्न्न और माइनॉरिटी तबकों से आता है। लेकिन राजनीति में नुमाइंदगी के सवाल के साथ भी व्यावहारिकता की शर्त जुड़ी होती है। जाहिर है, ताजा नियुक्तियों को भी व्यावहारिकता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। जैसा कि महाराष्ट्र में प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर हर्षवर्धन सपकाल के रूप में अपेक्षाकृत नया नाम देखकर शुरू हुए विवाद से भी स्पष्ट होता है। वहां कई बड़े नेता इस चयन पर आश्चर्य जता रहे हैं। हालांकि इसी वजह से नए अध्यक्ष के परफॉरमेंस को लेकर कोई राय बना लेना ठीक नहीं होगा। उनके पास वक्त है और देखना होगा कि वह इसका कैसा इस्तेमाल करते हैं। विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में कांग्रेस पर यह दायित्व है कि वह अपनी कमजोरियों को दूर कर लोगों के सामने ऐसा विकल्प पेश करे, जिससे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और मजबूत हो।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है।**

# भारत-अमेरिका मैत्री से विकास के नये रास्ते खुलेंगे

(ललित गर्ग)

नरेंद्र मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजूक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल में सम्पन्न हुई अमेरिका की दो दिवसीय यात्रा अनेक दृष्टियों से ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं मील का पत्थर बनकर प्रस्तुत हुई है। यह निश्चित है कि मोदी के नेतृत्व में एक नई सभ्यता और एक नई संस्कृति गढ़ी जा रही है। व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक एवं परिणामकारी रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई, बल्कि मोदी-ट्रंप की दोस्ती ही नये विश्वास एवं संकल्प के साथ उभर कर सामने आयी है। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। लेकिन मोदी ट्रंप की चतुराई को भी अपनी सादगी एवं सरलता से मात देते हुए भारत के हित में अनेक समझौते कर लिये हैं। यह तथ्य सर्वविदित है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। यह अमेरिका की भारत के प्रति एक विशेष दृष्टि मोदी के प्रभाव का ही परिणाम है।

ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगुना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने कूटनीतिक कौशल का इस्तेमाल किया। भारत को नया बनने के लिए, स्वर्णिम बनाने के लिए, अनूठा बनाने के लिए और उसे विश्व की एक बड़ी ताकत के रूप में उभारने के लिये मोदी के प्रयास अनूठे भी हैं और विलक्षण भी हैं। यहां उल्लेखनीय है



कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी और भारत की ओर देखने की उनकी हिम्मत नहीं होगी। मोदीजी का जादू एक बार फिर सिर चढ़कर बोला है। मोदी की इस यात्रा के पीछे इरादा केवल भावनात्मक रिश्तों की बुनियाद को मजबूत करना नहीं रहा है, बल्कि भारत के हक में अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करने के लिए उनका सहयोग पाने की मंशा भी रहा है, जो सफल हुआ। संभव है इससे भारत और अमेरिका दोनों ही देशों में विकास के नये रास्तें खुलेंगे।

इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा, जिससे भारत सैन्य मोर्चे पर सशक्त होकर उभरेगा। ट्रंप के साथ मुलाकात में भारत ने अवैध रूप से आए भारतीयों को वापस लेने की बात भी कही। पत्रकार वार्ता में मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर हमारे विचार एक जैसे हैं। यदि अमेरिका में अवैध भारतीय प्रवासियों की पुष्टि होती है तो हम उन्हें वापस लेने के लिये तैयार हैं। उन्होंने इसे मानव तस्करों की करतूत बताया।

मोदी की यह यात्रा दो बहुत अच्छे दोस्तों की बहुत ही नाजूक समझौतेवादी भूमिका को देखने का एक दिलचस्प एवं रोमांचक मौका बनी, प्रतिकूल लगते हालात को अनुकूल नतीजों की ओर मोड़ने का कौशल भी इस यात्रा में बेहतरीन अंदाज में नजर आया। दोनों नेता न केवल पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते रहे हैं बल्कि उनके बीच की व्यक्तिगत मित्रता एवं आत्मीयता भी चर्चित रही है। यह सुखद संयोग है कि दोनों नेता दुनिया के सबसे बड़े पुराने और सबसे विशाल लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष हैं। अमेरिका को पहले से ही दुनिया ग्लोबल लीडर मानती रही है। अब भारत नया और उभरता हुआ विश्वनेता बना है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जोड़ी से दुनिया पर नये तरीके से आधिपत्य बदलता दिख रहा है। दोनों देशों के लगातार बेहतर होते रिश्तों की पृष्ठभूमि इस तथ्य को और महत्वपूर्ण बना रही थी। फिर भी यात्रा से पहले के घटनाक्रम ने इसकी कामयाबी पर भले ही संदेह की परतें चढ़ा रखी थी, लेकिन मोदी की कुशलता एवं कूटनीति से सभी वार्ताएं सौहार्दपूर्ण होकर सकारात्मक बनी। जिससे भारत एक बार फिर दुनिया के सामने सशक्त एवं ताकतवर बनकर ही प्रस्तुत हुआ है।

ट्रंप के कतिपय सख्ती से बने तनाव को मोदी ने हावी नहीं होने दिया। प्रधानमंत्री मोदी पूरी तरह से अपने अजेंडे पर केंद्रित रहे। उन्होंने न केवल ट्रंप की तारीफ की बल्कि राष्ट्रपति ट्रंप के प्रिय नारे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' (एमएजीए) की तर्ज पर अपना नारा पेश किया- 'मेक इंडिया ग्रेट अगेन' (एमआईजीए), और यह भी कहा कि जब एमएजीए और एमआईजीए साथ आते हैं तो बन जाता है एमईजीए जो दोनों देशों की शानदार साझेदारी की कहानी कहता है। इस तरह दोनों देश ने दुनिया के बॉस होते हुए अपने वर्चस्वी होने को व्यक्त किया। अमेरिका तो इस भूमिका में रहा है, लेकिन अमेरिका भारत को भी इस भूमिका में मानता है तो निश्चित ही यह भारत की दुनिया में मजबूत होती स्थिति को ही बयां कर रहा है। अब दुनिया के हर विवादों को सुलझाने में भारत-अमेरिका की संयुक्त एवं भूमिका महत्वपूर्ण होने से भारत की ताकत को समझा जा सकता है। निश्चित रूप से दोनों देशों के बीच के कई समीकरण आने वाले दिनों में नया आकार लेंगे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा ने इस उम्मीद को ठोस आधार दे दिया है कि सहयोग के स्वरूप में जो भी बदलाव हो, रिश्ता बेहतर ही होता जाएगा। मोदी की इस अमेरिका यात्रा की अहमियत जाहिर है और इसे संभावनाभरा भी माना जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद यह अमेरिका का उनका पहला सफर है। ट्रंप के साथ वाइट हाउस में मोदी की मुलाकात ने यही जताया कि दोनों नेताओं एवं देशों के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की ललक दोनों तरफ है।

भारतीय प्रधानमंत्री की अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात पर देश ही नहीं, दुनिया की भी निगाहें थीं। एक तो इसलिए कि मोदी उन चुनिंदा शासनाध्यक्षों में से एक हैं, जिनसे डोनाल्ड ट्रंप ने प्रारंभिक दौर में ही मुलाकात करना बेहतर समझा और दूसरे इसलिए कि भारत अब एक बड़ी ताकत बन चुका है और वैश्विक मामलों में उसका रुख-रवैया एवं नीतियां मायने रखती है। इस मुलाकात को लेकर जिज्ञासा का एक कारण यह भी था कि बाइडन प्रशासन के समय अमेरिका और भारत के संबंधों में एक खिंचाव आ गया था।

# अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिए या नहीं?

**नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत ही बड़ी खबर नहीं है। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे ने पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखा है। बड़ी खबर यह भी है कि लोग यह समझ चुके हैं कि रेलवे में सुधार की बातें सिर्फ खोखली हैं। बड़ी खबर यह भी है कि तमाम लोगों को इस बात का पक्का विश्वास हो चला है कि पर्वों-त्योहारों और छुट्टियों के समय टिकट खरीदने से लेकर अपने गंतव्य तक पहुँचने तक रेल का सफर परेशान करेगा ही करेगा।**

(नीरज कुमार दुबे)

देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं।

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत ही बड़ी खबर नहीं है। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे ने पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखा है। बड़ी खबर यह भी है कि लोग यह समझ चुके हैं कि रेलवे में सुधार की बातें सिर्फ खोखली हैं। बड़ी खबर यह भी है कि तमाम लोगों को इस बात का पक्का विश्वास हो चला है कि पर्वों-त्योहारों और छुट्टियों के समय टिकट खरीदने से लेकर अपने गंतव्य तक पहुँचने तक रेल का सफर परेशान करेगा ही करेगा। बड़ी खबर यह भी है कि रेलवे स्टेशन पर या पटरी पर चलती ट्रेन के साथ कितनी बड़ी दुर्घटना हो जाये, रेल मंत्री कभी नैतिक जिम्मेदारी नहीं लेंगे। बड़ी खबर यह भी है कि दुर्घटना होने पर मुआवजे या जांच का ऐलान तुरंत ही करने वाले रेल मंत्री अपना इस्तीफा देना तो दूर कभी इस्तीफे की पेशकश तक नहीं करेंगे।

देखा जाये तो रेल मंत्री पद से अश्विनी वैष्णव का इस्तीफा मांगा जा रहा है तो इसमें कुछ गलत नहीं है क्योंकि बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे की ही नहीं है। आप रेलवे को समग्र रूप में देखेंगे तो पाएंगे कि कोई बड़ा सुधार कर पाने में अश्विनी वैष्णव पूरी तरह विफल रहे हैं। अगर महाकुंभ की ही बात कर लें तो भले रेल मंत्री ने प्रयागराज के लिए हजारों ट्रेनें चलाने के दावे किये हों लेकिन आप देशभर में सर्वे करा लें तो पाएंगे कि प्रयागराज के लिए ज्यादातर लोगों को ट्रेनों में टिकट मिले ही नहीं और जिनको टिकट मिले उनका सफर आरामदायक नहीं रहा। यही नहीं, हैरानी की बात यह भी रही कि प्रयागराज के लिए रेलवे की वेबसाइट और ऐप पर भले टिकट नहीं थे लेकिन मेकमाई ट्रिप जैसी ट्रैवल साइटों पर 500 रुपए की अतिरिक्ति फीस देकर उसी तारीख के रेलवे टिकट उपलब्ध थे। हम 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन 2025 तक रेलवे को इतना भी आत्मनिर्भर नहीं बना पाये हैं कि उसकी ही वेबसाइट और ऐप पर सभी को कंफर्म टिकट मिल जायें। आज भी रेल यात्रियों को अपना टिकट कंफर्म कराने के लिए वीआईपी कोटा या रेलवे कोटा लगवाने के लिए नेताओं और अधिकारियों से मदद मांगनी पड़ती है जोकि शर्मनाक है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के जांच के आदेश तो दे दिये गये हैं लेकिन सवाल उठता है कि पहले की घटनाओं की जांच रिपोर्टों का क्या हुआ? पिछली घटनाओं के लिए कौन लोग दोषी ठहराये गये, उन्हें कौन-सी कड़ी सजा हुई? क्या इसका विवरण कभी रेल मंत्री देश के सामने रखने का साहस जुटाएंगे? देखा जाये तो नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना का प्रमुख कारण था ऐन समय पर ट्रेनों के प्लेटफॉर्म का बदला जाना। यह ऐसी चूक है जिसकी वजह से पहले भी दुर्घटनाएं हुई हैं लेकिन रेलवे ने कभी सबक नहीं सीखा। जब रेलवे स्टेशन का प्रबंधन यह देख रहा था कि वहां भारी भीड़ उमड़ी हुई है तो प्लेटफॉर्म बदलने का फैसला टाल कर क्या घटना को रोका नहीं जा सकता था?

बात सिर्फ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की भी नहीं है। देश के तमाम शहरों से इस प्रकार की खबरें सामने आ रही हैं कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में लोग भारी भीड़ की वजह से चढ़ नहीं पा रहे हैं। इस प्रकार के भी वीडियो वायरल हैं जिसमें देखा जा सकता है कि यात्री सिर्फ दरवाजों से ही नहीं बल्कि खिड़कियों से भी ट्रेन के भीतर जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर तमाम वायरल वीडियो में भी देखा जा सकता है कि लोग ट्रेनों में नहीं चढ़ पाने को लेकर तोड़फोड़ तक कर रहे हैं। जनता की यह नाराजगी साफ दर्शाती है कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजन को लेकर रेलवे की ओर से पर्याप्त तैयारियां नहीं की गयी थीं।

यही नहीं, हमने दुनिया के सबसे ऊँचे पुल पर ट्रेन दौड़ाने का कीर्तिमान तो अपने नाम कर लिया लेकिन जमीन पर बिछी पटरियों पर दौड़ती ट्रेन की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाये हैं। आये दिन होते रेल हादसे दर्शा रहे हैं कि संभवतः मंत्रीजी का पूरा ध्यान इस विभाग पर नहीं है। हाल के रेल हादसों में से अधिकांश के पीछे साजिश का एंगल सामने आया है। यदि ऐसा है तो यह भी सुरक्षा में एक बहुत बड़ी खामी है। यही नहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के दौरान कुली और प्लेटफॉर्म पर स्टॉल लगाने वाले ही यात्रियों के बचाव में उतरे। एक भी यात्री ने यह नहीं बताया कि रेलवे पुलिस ने किसी की मदद की हो या उसे बचाया हो। साथ ही, भगदड़ की घटना के तत्काल बाद जिस तरह प्रयागराज के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई गयीं वह दिखाता है कि रेलवे के पास अतिरिक्त ट्रेनों की व्यवस्था थी। इसलिए सवाल उठता है कि भीड़ को देखते हुए उन स्पेशल ट्रेनों को पहले क्यों नहीं चलाया गया? रेलवे ने गत शनिवार को प्रयागराज के लिए स्पेशल वंदे भारत ट्रेनें चलाने की घोषणा की थी लेकिन साधारण ट्रेनों को क्यों नहीं चलाया गया? क्या ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि वंदे भारत जैसी महंगी ट्रेनों से रेलवे को ज्यादा आमदनी होती है और साधारण ट्रेनों को चलाने से ज्यादा लाभ नहीं होता? क्या रेलवे ने अब सिर्फ अपने लाभ के बारे में ही सोचना शुरू कर दिया है?

सवाल और भी कई हैं लेकिन उनके जवाब मिलने की संभावना

## वर्ग पहेली 5647

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | |
| | | 5 | | 6 | | | |
| 7 | 8 | | | 9 | | | |
| 10 | | | 11 | | | | 12 |
| 13 | | 14 | | 15 | 16 | | |
| 17 | | | | 18 | | | |
| | | 19 | 20 | | | 21 | |
| 22 | | | | | 23 | | |

संकेत: बाएं से दाएं

1. 2009 को इस प्रख्यात पार्श्व गायक को वर्ष 2007 प्रतिष्ठित दादा साहब फालके अवार्ड के लिए चुना गया था (3)
3. एक प्रकार का वाद्य जो भगवान शंकर को प्रिय है, एकसूत्र, सुत्रकोण (3)
5. आश्चर्य चकित होना, निरूत्तर होना (5)
7. शबर जाति की श्रमणा नाम की स्त्री जो श्रीराम की परमभक्त थी (3)
9. बांस की चटाई को यह भी कहा जाता है (3)
10. कसर, कमी, खता, खामी (2)
11. स्वेच्छा से दिया गया धन (2)
13. पादत्राण, एक पैर (3)
15. हेकड़ी, धृष्टता, अधिकारहीनता (4)
17. घास आदि का छोटा टुकड़ा, कंडगर, खरीक, तृण (3)
18. शिकन, ऐंठ, मरोड़, शक्ति (2)
19. कलई, गिरिसार, परास, सोल्डर (2)
21. मर्जी, इच्छा, अवकाश अनुमति (2)
22. जिसकी सभी सतह समान हो (4)
23. उतारू, राणकामी (3)

ऊपर से नीचे

1. एक प्रसिद्ध लॉन टेनिस खिलाड़ी जिसने अभिनेत्री लारा दत्ता से विवाह किया था (6)
2. दहलीज, घर की चौखट, अनाज गोदाम (3)
3. पश्चिमी अफ्रिका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की यह राजधानी है (3)
4. 33 छोटे-छोट द्वीप वाला अरब देश बहरीन की यह राजधानी है (3)
6. दुर्भाग्यशाली, दुहागा, भाग्यहीन (5)
8. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
12. शरीफ का लड़का, आर्यपुत्र, कुलपुरूष (5)
14. जिसके शब्द के अंत में ई लगा हो (4)
16. फूल, लोहे का अर्धचंद्रकार टुकड़ा, कुमुद आदि फूलों की लंबी और खोखली नली (2)
20. कपोल, रूखसार, आरिज (2)
21. माता लक्ष्मीजी का एक नाम, शोभा, सम्मोहित, वशीकृत (2)

### वर्ग पहेली 5646 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इं | ग्लैं | ड | | ए | क | ल | व्य |
| दौ | | र | ज्ञ | त | प | ट | |
| र | म | ना | | बा | ट | | |
| | न्न | | ना | र | | मा | न |
| हृ | त | | ह | क | त | ल | फी |
| कु | | सी | क | र | | दा | स |
| म | ज्ञा | र | | ना | जि | र | |
| त | ला | त | ल | | क्र | | है |

# क्या इस हादसे सबक लेगा रेलवे?

(गुलशन राय खत्री)

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की जान ले ली। भगदड़ की वजह अचानक ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदलना था या फिर एक ही जगह जरुरत से अधिक भीड़ एकत्र हो गई थी ? ये तो रेलवे और पुलिस की जांच के बाद ही सामने आ सकेगा लेकिन इस हादसे से ये जरुर साफ हो गया है कि कायदे से रेलवे को कुंभ के लिए जो तैयारियं करनी चाहिए थीं, उतनी तैयारियां नहीं की गईं। इसके अलावा स्टेशन पर आने वाले पैसेंजरों के मामले में रेलवे अफसरों ने अनुमान लगाकर जो इंतजाम किए थे, वे पर्याप्त नहीं थे। जिसका नतीजा ये हुआ कि ऐसे हालात बने कि महिलाएं और बच्चे भीड़ में दब गए औरअपनी जान गंवा बेठे।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस तरह का ये पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी ऐसे हादसे हुए हैं लेकिन ऐसे हादसे दीवाली, छठ की भीड़ के वक्त ही हुए थे और उनमें हताहतों की संख्या भी इतनी अधिक नहीं थी। लेकिन इस बार हादसा ऐसे वक्त में हुआ, जब कुंभ जाने वाले यात्रियों की भीड़ उमड़ रही थी। जाहिर सी बात है कि कुंभ की भीड़ अचानक नहीं आयी। काफी पहले से ही रेलवे को पता था कि 144 साल बाद लगने वाले कुंभ मेले के दौरान यात्रियों की भीड़ प्रयागराज जाएगी। लेकिन उसके लिए कायदे से जो इंतजाम किए जाने चाहिएं थे, क्या वो किए गए ?

**स्पेशल ट्रेनों के लिए अलग स्टेशन क्यों नहीं?-** रेलवे ये तो दावा करता रहा है कि वह श्रद्धालुओं के प्रयागराज जाने के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रैनें चला रहा है और अगर जरुरत पड़ी तो और भी ट्रेनें चलाएगा लेकिन क्या रेलवे अफसरों ने इस बात पर विचार नहीं किया कि अगर बड़ी संख्या में प्रयागराज के लिए ट्रेनें चलानी हैं तो सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले नई दिल्ली स्टेशन की बजाए किसी और स्टेशन से ये ट्रेनें चलाई जाएं। इसी रेलवे ने प्रयागराज में भी ऐसे ही इंतजाम किए हैं। यहां ट्रेन से आने वाले यात्रियों के लिए अलग स्टेशन है और प्रयागराज से जाने वाले यात्रियों के लिए दूसरा स्टेशन। ऐसे में क्या दिल्ली में रेलवे सफदरजंग जैसे किसी दूसरे स्टेशन को कुंभ के दौरान प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों के लिए तय नहीं कर सकता था ? ऐसे किसी स्टेशन को तय कर दिया जाता तो प्रयागराज जाने वाली भीड़ उसी स्टेशन पर होती।

**पहले के हादसे से क्यों नहीं सीखा सबक-** लगभग 15 साल पहले छठ के दौरान हुए हादसे के बाद रेलवे ने छठ के दौरान तो स्टेशन के बाहरी हिस्सों में रोकने की व्यवस्था करता है लेकिन इस बार वैसी तैयारी भी नहीं की गई। रेलवे कोई बड़े इंतजाम नहीं, तो कम से कम वह छठ के दौरान की जाने वाली व्यवस्था तो कर ही सकता था। इसके तहत स्टेशन के बाहरी हिस्से में ही भीड़ को रोककर रखा जाता और जो ट्रेन प्लेटफॉर्म पर आती, उसके यात्रियों को प्लेटफॉर्म की ओर जाने दिय जाता। इसके लिए तो रेलवे को लंबी चौड़ी कवायद ही नहीं करनी पड़ती। लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

**भीड़ का क्यों नहीं लगाया गया अनुमान-** महत्वपूर्ण है कि इसी स्टेशन पर लगातार अनरिजर्व टिकट बिक रहे थे तो क्या उस वक्त अफसरों को ये अंदाजा नहीं था कि भीड़ बढ़ रही है। ऐसा नहीं था कि भीड़ अचानक ही प्लेटफॉर्म नंबर 14=15 पर पहुंची हो। लोग स्टेशन से ही एंट्री करके आए होंगे तो क्या एंट्री के वक्त ही ये अनुमान नहीं लगाया गया कि कितनी भीड़ आ रही है ?

## आज का राशिफल

### मेष
करियर के लिहाज से बहुत शुभ है। तरक्की के साथ-साथ धन लाभ के भी योग बन रहे हैं। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कुछ अचानक लाभ भी हो सकता है। शाम से रात तक का समय विशेष रूप से लाभदायक रहेगा। खर्चों में भी वृद्धि हो सकती है, लेकिन भाग्य का साथ मिलने से तरक्की निश्चित है।

### वृष
आज दिन तरक्की और सफलता लेकर आएगा। किस्मत पूरी तरह आपका साथ देगी। अपने काम की प्रशंसा सुनकर आप बहुत खुश होंगे। रात में किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका मिल सकता है। रुका हुआ धन भी वापस मिल सकता है। तरक्की के योग हैं और मन प्रसन्न रहेगा।

### मिथुन
आज कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा और सम्मान में वृद्धि होगी। घर या ऑफिस में विवाद हो सकते हैं, इसलिए सावधानी बरतें और विवादों से दूर रहें। शत्रु पक्ष परेशान कर सकते हैं, जिससे काम में मन नहीं लगेगा। समस्याओं का समाधान अपनी कार्यकुशलता से निकालने पर लाभ होगा।

### कर्क
आज दिन बहुत शुभ है। करियर में सफलता मिलेगी और हर मामले में सफलता प्राप्त होगी। सभी काम बनेंगे और पुराने झगड़े-विवाद दूर होंगे। कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। मंत्री पद की प्राप्ति भी हो सकती है।

### सिंह
आज दिन तरक्की से भरा रहेगा। करियर में मनचाही सफलता मिलेगी। सहयोगियों पर खोया हुआ विश्वास फिर से हासिल होगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। लेकिन किसी बाहरी व्यक्ति के हस्तक्षेप से सावधान रहें। अपनी प्रगति का रहस्य किसी को न बताएं। आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी और कारोबार में आपको किस्?मत का साथ मिलेगा।

### कन्या
आज दिन असमंजस से भरा रहेगा। समझ नहीं आएगा कि क्या सही है और क्या गलत। इस वजह से काम लटके रहेंगे और उलझन महसूस होगी। लेकिन रचनात्मक कार्यों में गति आएगी। ज्ञान-विज्ञान, कला और लेखन में आपकी दक्षता रंग लाएगी।

### तुला
आज जोखिम भरे काम से बचने की सलाह है। कार्यक्षेत्र में हर तरह के रिस्क से दूर रहें। सोच-समझकर कदम बढ़ाएं। आपकी योजनाएं सफल होंगी। शाम के समय तरक्की के योग बनेंगे। आपका दिन सफलता से भरा होगा। आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज दिन उथल-पुथल भरा रहेगा। कई तरह के विवाद और झंझट सामने आ सकते हैं। शाम तक समय निकालकर इन विवादों को सुलझा लें, तो काम बन जाएंगे। अपनी कार्यकुशलता से मुसीबतें कम कर पाएंगे। रात का समय किसी सामाजिक या राजनीतिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### धनु
आज करियर में लाभ होगा। सभी काम समय पर पूरे होंगे। युक्तिसंगत प्रयासों से लाभ होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रात में माता को अचानक कोई परेशानी हो सकती है, जिससे आपको दौड़-भाग करनी पड़ सकती है।

### मकर
आज दिन अच्छा रहेगा। सुबह से ही मूड अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में दिनभर भागदौड़ कर सकते हैं। परिस्थितियां सुधरेंगी और सभी काम पूरे होंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। कोई मेहमान घर आ सकता है।

### कुंभ
आज दिन व्यस्त रहेगा। एक साथ कई काम आपके हाथ में आने से आपकी बेचैनी बढ़ सकती है। विरोधी आपको फालतू काम में उलझ सकते हैं, इसलिए सावधान रहें। वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दें। दिन परेशानियों और कठिनाइयों से भरा हो सकता है। खर्चे बढ़ सकते हैं।

### मीन
आज करियर के लिहाज से दिन अनुकूल है। हर काम को संभलकर करें। व्यवसाय के विस्तार के लिए अच्छा समय है। बाहर से मदद मिल सकती है। आर्थिक तंगी भी परेशानी नहीं बनेगी। संतान के विवाह को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। हर काम सोच-समझकर करें।

## संक्षिप्त समाचार

### आठवले ने 'लव जिहाद' पर कानून के संबंध में महाराष्ट्र सरकार के कदम का विरोध किया



**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने ''लव जिहाद'' को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार के कानून का मसौदा तैयार करने के कदम का रविवार को विरोध किया। महाराष्ट्र सरकार ने सरकारी संकल्प जारी किया है जिसमें कहा गया है कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अध्यक्षता वाली एक समिति ''लव जिहाद'' और जबरन धर्मांतरण की शिकायतों से निपटने के लिए कदम सुझाएगी। यह समिति कानूनी पहलुओं और अन्य राज्यों में बनाए गए कानूनों पर भी विचार करेगी तथा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कानून बनाने की सिफारिश करेगी। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री आठवले ने संवाददाताओं से कहा, ''अंतर-धार्मिक विवाह को लव जिहाद कहना गलत है। धर्मांतरण रोकने के लिए प्रावधान होना चाहिए। सामाजिक और धार्मिक सौहार्द को बिगाड़ने से रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।'' रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी को समान मानते हैं और उन्होंने सभी के लिए कल्याणकारी उपाय शुरू किए हैं। मुसलमानों को भी फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी कट्टरपंथी मुसलमानों के खिलाफ हैं, समुदाय के खिलाफ नहीं।'' इससे पहले नागपुर में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि अंतर-धार्मिक विवाह में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन धोखाधड़ी और पहचान छिपाकर विवाह करने वालों के खिलाफ कदम उठाए जाने की जरूरत है।

### ठेकेदार बिना काम किये बिल जमा कर रहे हैं : उपमुख्यमंत्री अजित पवार का दावा

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने आरोप लगाया है कि कई ठेकेदार निर्माण कार्य किये बिना ही बिल जमा कर रहे हैं और धन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वह शनिवार को जालना जिले के परतुर में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता सुरेश जेठलिया राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में शामिल हो गए। उपमुख्यमंत्री ने अफसोस जताया कि पर्याप्त सरकारी खर्च के बावजूद विकास कार्यों की गुणवत्ता ''घटिया'' बनी हुई है, और उन्होंने ठेकेदारों को अपनी पार्टी में शामिल नहीं होने देने का संकल्प लिया। राज्य के वित्त विभाग का भी प्रभार संभाल रहे पवार ने कहा, ''बिल जमा किए जा रहे हैं और बिना काम किए पैसे निकाले जा रहे हैं। मेरी पार्टी (राकांपा) में मत आइए।'' उन्होंने सरकारी अधिकारियों से भी अपना काम ईमानदारी से करने का आग्रह किया। उपमुख्यमंत्री ने छत्रपति संभाजीनगर में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल (जीएमसीएच) के लिए वित्तीय सहायता की भी घोषणा की। हालांकि, पवार ने अस्पताल में स्वच्छता को लेकर चिंता जताई और थूकने तथा परिसर को गंदा किये जाने की निंदा की। उन्होंने कहा, ''मुझे बताया गया है कि लोग अस्पताल में थूक रहे हैं। ऐसे लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। सीसीटीवी कैमरे लगाइए, और ऐसा करने वाले लोगों को पकड़ा जाए।

### तमिलनाडु में 5800 करोड़ रुपये के अवैध रेत खनन की सीबीआई जांच का आदेश

**चेन्नई, एजेंसी।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के तटीय जिलों तिरुनेलवेली, तूतोकोरिन और कन्याकुमारी में निजी खनन कंपनियों द्वारा 5,832 करोड़ रुपये का कथित अवैध रेत खनन किए जाने के मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया। इसने एजेंसी को मामले में अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का भी निर्देश दिया और कहा कि मामले में राजनीतिक सांठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति एम जोतिरमन की खंडपीठ ने केंद्रीय एजेंसी से आपराधिक मामला दर्ज करने और जांच शुरू करने को कहा। पीठ ने एक स्वतः संज्ञान जनहित याचिका, वी.वी. मिनरल्स और 29 अन्य की याचिकाओं पर आदेश पारित किया।

# पुरी रथ यात्रा 2025: भगवान जगन्नाथ मंदिर की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लगाए जाएंगे एआई कैमरे



**पुरी, एजेंसी।** भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा 27 जून को होने जा रही है. विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा को व्यवस्थित तरीके से कैसे प्रबंधित किया जाए, इस पर पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में भुवनेश्वर में तैयारी बैठक हुई. इस विशेष बैठक में पुलिस महानिदेशक ने रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को कैसे चुस्त-दुरुस्त किया जाए, इसकी समीक्षा की. इस वर्ष रथ यात्रा में भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर एआई कैमरों के जरिए नजर रखी जाएगी. पुरी-भुवनेश्वर राष्ट्रीय राजमार्ग पर उत्तरा चैक से लेकर पुरी तक एआई कैमरे लगाए जाएंगे. इसके साथ ही बड़ादंड, श्रीमंदिर, बीच और पुरी के मुख्य प्रवेश द्वारों पर भी एआई कैमरे लगाए जाएंगे. इस संबंध में पुलिस विभाग द्वारा सर्वेक्षण किया जा रहा है और जल्द ही इस पर निर्णय लिया जाएगा कि किन-किन स्थानों पर एआई कैमरे लगाए जाएंगे. पुरी एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग को उम्मीद है कि इस साल एआई कैमरों की मदद से रथ यात्रा को व्यवस्थित तरीके से मैनेज किया जाएगा. पिछली 2024 की रथ यात्रा में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही ड्रोन के जरिए ट्रैफिक मैनेज और सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखी गई थी. पुलिस विभाग को इसमें सफलता मिलने के बाद इस साल पुलिस विभाग एक कदम और आगे बढ़कर एआई कैमरों से रथ यात्रा का प्रबंधन करेगा. पुलिस विभाग पिछले साल की गई गलतियों की समीक्षा करेगा और सुनिश्चित करेगा कि इस साल वही गलतियां न दोहराई जाएं. वर्ष 2024 की रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण तालध्वज एवं नंदीघोष रथ को खींचने के दौरान अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई थी. इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा विशेष कदम उठाए जाएंगे.

हालांकि, पुलिस विभाग इस वर्ष रथ यात्रा को व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए सभी कदम उठा रहा है और भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से पुरी एसपी ने उम्मीद जताई है कि इस वर्ष रथ यात्रा सुचारू रूप से आयोजित की जाएगी. हर साल ओडिशा पुलिस रथ यात्रा को व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के लिए व्यापक कदम उठाती है, लेकिन कुछ जगहों पर दूरदर्शिता की कमी के कारण कई घटनाएं भी हो रही है. इसलिए, इस वर्ष ओडिशा पुलिस को रथ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अनुभवी पुलिस अधिकारियों को तैनात करने तथा इस पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है ताकि विभिन्न अनियमितताएं न हों. पुरी एसपी विनीत अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, इस साल जून में विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा होने वाली है. इसके लिए पुरी पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी है. जिले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कई समितियां बनाई गई हैं. टीम पुलिस द्वारा की गई सभी तैयारियों की निगरानी कर रही है.



### मोदी ने ट्रंप को निर्वासित भारतीयों के मामले में जनाक्रोश से अवगत नहीं कराया : जयराम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि हाल में जब वह अमेरिका यात्रा पर थे तब उन्होंने अपने ''परम मित्र'' डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका से निर्वासित किये गये भारतीयों को बेड़ियों में जकड़ कर भेजे जाने से पैदा हुए आक्रोश के बारे में नहीं बताया। इस महीने अब तक दो अमेरिकी सैन्य विमान भारतीयों को लेकर अमृतसर पहुंचे हैं। ऐसा अवैध प्रवासन के विरूद्ध कार्रवाई के ट्रम्प प्रशासन के वादे के तहत किया गया है। अमेरिका से एक और निर्वासन उड़ान रविवार रात को अमृतसर पहुंचने वाली है। कई निर्वासित लोगों ने दावा किया कि उड़ान में उन्हें बेड़ियों में जकड़कर रखा गया था। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने अमेरिका से निकाले गए भारतीयों को बेड़ियों में जकड़ जाने की खबरों का हवाला देते हुए कहा, ''यह पूरी तरह स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री ने अपने परम मित्र (ट्रंप) को अमेरिका से भारतीय नागरिकों को निकाले जाने के तरीके पर हमारे देश की नाराजगी से अवगत नहीं कराया। केवल कायर ही 56 इंच के सीने का दावा करते हैं।'' शनिवार देर रात 116 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर एक अमेरिकी सैन्य विमान अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचा। इन निर्वासितों में से पुरुषों ने दावा किया कि यात्रा के दौरान वे बेड़ियों में जकड़े हुए थे और सिख युवक कथित तौर पर बिना पगड़ी के थे। एक अमेरिकी सैन्य विमान पांच फरवरी को 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को लेकर अमृतसर हवाई अड्डे पर पहुंचा था। इनमें से 33-33 हरियाणा और गुजरात से थे, जबकि 30 पंजाब से थे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अमृतसर हवाई अड्डे पर निर्वासित लोगों को लेकर अमेरिकी विमानों के पहुंचने के मामले में केंद्र पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे पवित्र शहर को निर्वासन केंद्र ना बनाएं।



### तमिलनाडुः पलानीस्वामी ने द्रमुक को 2026 में सत्ता से बेदखल करने का संकल्प लिया

**चेन्नई, एजेंसी।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने रविवार को कहा कि 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को टक्कर देने और चुनाव जीतने के लिए उनकी पार्टी एक विशाल गठबंधन बनाएगी। पलानीस्वामी ने प्रदेश में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन पर निशाना साधा। उन्होंने पार्टी की इलैग्यार्गल-इलम पेंगल पासराई शाखा के एक सम्मेलन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन कहते हैं कि राज्य में उनकी पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन के घटक दलों की एक ही विचारधारा हैं। पलानीस्वामी ने कहा, ऐसी स्थिति में अलग-अलग पार्टियों की क्या जरूरत है? सभी पार्टियों का द्रमुक में विलय किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक के संबंध में चुनावी गठबंधन और विचारधारा दो अलग-अलग चीजें हैं तथा गठबंधन केवल चुनाव जीतने के लिए वोटों के विभाजन को रोकने के लिए होते हैं। महासचिव ने कहा, 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अन्नाद्रमुक की अगुआई में एक विशाल गठबंधन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस तरह के चुनावी गठबंधन की वकालत की है ताकि अन्नाद्रमुक चुनाव जीतकर अगली सरकार बना सके।

## हमारा अर्थशास्त्र, महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनका अर्थशास्त्र महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा बेहतर है। आदित्यनाथ ने महाराष्ट्र से आये युवा उद्यमियों से संवाद कार्यक्रम में महाकुंभ पर उंगली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा, ''महाकुंभ का विरोध करने वालों की अपेक्षा हमारा अर्थशास्त्र बेहतर है।'' उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा 7500 करोड़ रुपये खर्च किए जाने से अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपयों की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है?'' मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संस्थापक लालू प्रसाद यादव के उस बयान के बाद आयी है जिसमें उन्होंने महाकुंभ को कथित तौर पर ''फालतू'' करार दिया था। आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने वालों की संख्या अगर 60 करोड़ तक पहुंचती है तो उत्तर प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में सवा तीन से साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा, ''अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन अवसंरचना है।



अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो परिणाम सामने है। एक वर्ष में श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों (विपक्ष) को अब यह भी बुरा लगेगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हमने मान लिया था कि आस्था में ताकत नहीं है, लिहाजा दुष्परिणाम भुगतना पड़ा। गुलामी के कालखंड में यह बात मन में डाली गई कि भारतीय को कमतर करके आंकों, उसे महत्वहीन कर दो। प्रधानमंत्री मोदी जी ने पहली बार भारतवासियों को अहसास कराया कि देश से जुड़े जीवन मूल्यों, आस्था तथा उत्पाद को महत्व देकर हम स्वयं की महत्ता को बढ़ा सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''दूसरों की उपलब्धियों के बजाय पूर्वजों की विरासत पर गौरव की अनुभूति करेंगे तो दुनिया को बहुत कुछ दे पाएंगे। आज प्रयागराज वही कर रहा है। प्रयागराज, काशी तथा अयोध्या ने अपनी क्षमता को उजागर किया। अनेक लोगों को रोजगार मिला तो कइयों की आमदनी बढ़ाने में भी मदद मिली।''

आदित्यनाथ ने कहा, ''महाकुंभ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अगले नौ दिन तक यह उत्सव इसी रूप में जारी रहेगा। यही भारत की क्षमता है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों पर होता।''

उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह प्रयागराज महाकुंभ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा, ''देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ लोग रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ है।

## जेवर क्षेत्र में जो विकास कार्य चल रहे हैं, जिसका आने वाली पीढ़ियों का लाभ मिलेगा: विधायक धीरेंद्र सिंह

- **दुनिया में बजेगा जेवर का डंका, सड़क मार्ग के साथ साथ रेल मार्ग से भी जुड़ेगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट**
- **आगामी अप्रैल माह में उड़ान भरेगी पहली फ्लाइट**

**जेवर, एजेंसी।** जेवर में बन रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुरू होने की तैयारियां शुरू हो गई हैं। नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लगभग अप्रैल माह में शुरू हो जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी को बेहतर करने की प्रक्रिया चल रही है। आज जेवर ने जो मुकाम हासिल किया है, वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। उपरोक्त शब्द आज दिनांक 17 फरवरी 2025 को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने जेवर स्थित खंड विकास कार्यालय के प्रांगण में उपस्थित क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए कहे। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने आगे यह भी कहा कि जेवर क्षेत्र में जो विकास कार्य चल रहे हैं, जिसका आने वाली पीढ़ियों का लाभ मिलेगा। इस क्षेत्र में आजादी के बाद से न तो आवागमन के कोई साधन थे और न हीं नौजवानों को रोजगार मुहैया होता था। साथ ही यहां के किसान को अपनी बहन बेटियों की शादी करने के लिए अपनी जमीन गिरवी रखनी पड़ती थी, लेकिन 2017 में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद, जेवर क्षेत्र, प्रदेश ही नहीं अपितु पूरी दुनिया में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने आगे यह भी बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से आने वाले अप्रैल माह में हवाई जहाज उड़ान भरने प्रारंभ हो जाएंगे, जिससे यहां और तेजी से विकास होगा। 2017 तक जेवर विधानसभा में कोई भी उच्च शिक्षा का महाविद्यालय नहीं था,



लेकिन विगत 07 वर्षों में जेवर विधानसभा में तीन-तीन डिग्री कॉलेज बनकर तैयार हो गए हैं। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग के लगभग 16 करोड रुपए की धनराशि की लागत के विशेष मरम्मत और नव निर्माण के तकरीबन 19 कार्यों का शुभारंभ किया गया।

इसके बाद जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने एसीपी जेवर सार्थक सेंगर, उपजिलाधिकारी विवेक कुमार भदोरिया, तहसीलदार तनुजा निगम और बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ बैठकर क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया।

## विकास पहलों ने पूरे भारत में आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है : राष्ट्रपति मुर्मू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि देश में जारी विकास पहलों ने आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। 'आदि महोत्सव, 2025' के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। मुर्मू ने कहा, ''हमारे देश का वास्तविक विकास तभी होगा जब हमारे आदिवासी समुदाय आगे बढ़ेंगे।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि विकास पहलों ने अरुणाचल प्रदेश से लेकर गुजरात और जम्मू-कश्मीर से लेकर अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह तक के आदिवासी समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने कहा, ''इन प्रयासों ने न केवल आदिवासी परिवारों को अवसर प्रदान किए हैं, बल्कि उनकी संस्कृति और योगदान के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई है।'' राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा इन प्रयासों का मूल है, जिससे आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए सशक्त बनाया जा सकेगा। मुर्मू ने यह भी कहा कि शिक्षा के अवसरों को और बढ़ाने के लिए लगभग 250 नए एकलव्य स्कूल निर्माणाधीन हैं। उन्होंने कहा कि लाखों आदिवासी छात्र छात्रावास सुविधाओं से लाभान्वित हो रहे हैं और उन्हें विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता भी दी जा रही है। मुर्मू ने कहा, ''शिक्षा किसी भी समाज के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और यह बहुत संतोष की बात है कि 470 से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) देश भर में 1.25 लाख आदिवासी बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच बढ़ाने के लिए आदिवासी बहुल क्षेत्रों में 30 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। 'आदि महोत्सव', एक वार्षिक उत्सव है, जो आदिवासी विरासत, शिल्प और उद्यमशीलता का जश्न मनाता है और आदिवासी परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।



# बाबासाहेब के अनुयायी किसी बहकावे में आने वाले नहीं हैं

## उदित राज के बयान पर मायावती का पलटवार

**लखनऊ , एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कांग्रेस नेता उदित राज के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बसपा चीफ मायावती ने जो सामाजिक आंदोलन का गला घोंटा है, अब उनका गला घोंटने का वक्त आ गया है। उदित राज ने एक्स पोस्ट में लिखा था, कृष्ण ने कहा था कि न्याय के लिए लड़ो , जरूरत पड़े तो अपने सगे संबंधियों को भी मार दो। बसपा की चीफ सुश्री मायावती जी ने जो सामाजिक आंदोलन का गला घोंटा है, अब उनका गला घोंटने का वक्त आ गया है। इस संदर्भ में मायावती ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कांग्रेस नेता उदित राज पर पलटवार किया। बसपा प्रमुख ने इस संबंध में अपने %एक्स% हैंडल पर तीन पोस्ट किए।

अपने पहले पोस्ट में मायावती ने कहा कि बाबासाहेब डा. भीमराव अंबेडकर के जीते जी व उनके देहांत के बाद भी, करोड़ों शोषित-पीड़ित दलितों/बहुजनों के लिए उनके आत्म-सम्मान एवं स्वाभिमान के मानवतावादी संघर्ष का हर स्तर पर तिरस्कार करने वाली खासकर कांग्रेस पार्टी कभी भी इनकी सोच-नीतियों पर खरी व विश्वसनीय नहीं हो सकती।

उन्होंने अपने दूसरे पोस्ट में कहा कि अतः विशुद्ध राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ के लिए कांग्रेस 'जय बापू, जय भीम, जय मंडल, जय संविधान' आदि के नाम पर चाहे जितने भी कार्यक्रम क्यों न कर ले, बाबासाहेब के अनुयायी इनके किसी बहकावे में आने वाले नहीं हैं। वे जागरूक व सतर्क तथा अपने पैरों



पर खड़े होने के लिए संघर्षरत हैं।

बसपा प्रमुख ने आगे कहा, साथ ही, कुछ दलबदलू अवसरवादी व स्वार्थी दलित लोग अपने आकाओं को खुश करने के लिए जो अनर्गल बयानबाजी आदि करते रहते हैं उनसे भी बहुजन समाज को सावधान रहने व उन्हें गंभीरता से नहीं लेने की जरूरत है क्योंकि वे 'सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति' मूवमेंट से अनभिज्ञ व अपरिचित हैं।

बता दें कि कांग्रेस नेता उदित राज ने एक प्रेसवार्ता में बसपा प्रमुख मायावती पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि कृष्ण ने कहा था कि अपने सगे संबंधियों को कैसे मारेंगे, तो कृष्ण ने कहा कि कोई सगा संबंधी नहीं है। न्याय के लिए लड़ों और आज उसी मोड़ पर हैं। कृष्ण ने हमें कह दिया है कि सबसे पहले जो अपना दुश्मन है, उसी को मार दो। इसके अलावा, जो सामाजिक न्याय का दुश्मन है, जिसके बारे में मैं अपने प्रेस रिलीज में जिक्र कर चुका हूं। बसपा की चीफ मायावती ने जो सामाजिक आंदोलन का गला घोंटा है, अब उनका गला घोंटने का वक्त आ गया है।

### 'नक्शा' परियोजना के तहत राजस्थान की 10 नगरपालिकाओं के इलाकों का ड्रोन सर्वेक्षण होगा

**जयपुर, एजेंसी।** देशव्यापी 'नक्शा' परियोजना के तहत राजस्थान की 10 नगरपालिकाओं के इलाकों का ड्रोन सर्वेक्षण होगा और डिजिटल मैपिंग कर भूमि अधिकार अभिलेख का डिजिटलीकरण किया जाएगा। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता के अनुसार, इस परियोजना की शुरुआत 18 फरवरी को होगी और राज्य स्तरीय कार्यक्रम की शुरुआत नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा करेंगे। स्वायत्त शासन विभाग के आधिकारिक बयान के अनुसार 'डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड मॉडर्नाइजेशन' कार्यक्रम के अंतर्गत 18 फरवरी को राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में 'नक्शा' परियोजना की शुरुआत होगी। राजस्थान सरकार ने इस परियोजना के लिए राज्य के 10 शहरों का चयन किया है। इसके तहत भिवाड़ी, किशनगढ़, ब्यावर, सवाईमाधोपुर, जैसलमेर, पुष्कर, बगरू, बहरोड़, नवलगढ़ और नाथद्वारा में नगरपालिका के सारे भूमि क्षेत्र का ड्रोन सर्वेक्षण द्वारा डिजिटल मैपिंग कर भूमि अधिकार अभिलेख का डिजिटलीकरण किया जाएगा। इससे भूमि संबंधी सूचनाओं को साझा करना और पारदर्शी बनाना आसान होगा। विभाग के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि नक्शा परियोजना से शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी।



चैंपियंस ट्रॉफी:

# सबसे ज्यादा रन से फिफ्टी तक, चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली बना सकते हैं ये 5 रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अभियान की शुरुआत 19 फरवरी को करेगी। इस दौरान निगाहें विराट कोहली पर होंगी। कोहली के नाम पहले से ही वनडे इतिहास में किसी भी खिलाड़ी की तुलना में सबसे अधिक शतक हैं, लेकिन 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वह कई उपलब्धियां अपने नाम कर सकते हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में

### चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन

529 रनों के साथ कोहली इस सूची में 11वें स्थान पर हैं,लेकिन उनसे ऊपर के दस बल्लेबाजों में से कोई भी 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलेगा। उन्हें सिर्फ रोहित शर्मा (481) और जो रूट (431) से ही टक्कर मिल सकती है। इसके अलावा चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले क्रिस गेल (791) से सिर्फ 262 रन पीछे हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन

विराट कोहली को शिखर धवन (701) को पीछे छोड़ने के लिए सिर्फ 173 रन की जरूरत है। इसके लिए उन्हें राहुल द्रविड़ (627) और सौरव गांगुली (665) को भी पीछे छोड़ना होगा।

### वनडे इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन

सचिन तेंदुलकर (18,426) वनडे प्रारूप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। विराट कोहली (13,963) को कुमार संगकारा (14,234) को पीछे छोड़ने और सर्वकालिक सूची में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए केवल 271 रन की आवश्यकता है।

### सबसे तेज 14,000 वनडे रन

कोहली ने अब तक 285 वनडे पारियों में बल्लेबाजी की है और अगर वह अपनी अगली 64 पारियों में 37 रन और बना लेते हैं तो भी वह 14,000 रन बनाने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन जाएंगे। तेंदुलकर ने 14,000 रन बनाने के लिए 350 पारियां ली थीं, जबकि संगकारा ने 378 पारियां खेली थीं। कोहली इस समय खराब फॉर्म में हैं, लेकिन उन्हें यह मुकाम आराम से हासिल करना चाहिए।

### चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर

कोहली इस रिकॉर्ड को आसानी से हासिल कर सकते हैं। इस समय उन्होंने 5 50+ स्कोर किए हैं और रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए उन्हें सिर्फ एक और फिफ्टी की जरूरत है। इसे अपने नाम करने के लिए दो अर्धशतक की जरूरत है। दिलचस्प बात यह है कि छह-छह 50+ स्कोर के साथ गांगुली, द्रविड़, धवन उनसे आगे हैं।

# भारतीय खिलाड़ियों के लिए गुड न्यूज!

● BCCI ने टूर्नामेंट से पहले किया बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरूवार को भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का आगाज करेगी. भारतीय टीम के सामने बांग्लादेश की चुनौती होगी. बहरहाल, भारत बनाम बांग्लादेश मुकाबले से पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर सामने आ रही है. दरअसल, पिछले दिनों बीसीसीआई ने अपने आदेश में कहा था कि किसी दौरे पर खिलाड़ी अपनी फैमली के साथ नहीं रह पाएंगे, लेकिन अब इसमें बदलाव की बात सामने आ रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चैंपियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों की फैमली एक मैच देख पाएगी.

**ऑस्ट्रेलिया दौरे पर लचर प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने लिया था कड़ा फैसला**

बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों की फैमली को एक मैच देखने की छूट दी है, लेकिन इसके लिए बीसीसीआई से अनुमति लेनी होगी. इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में खिलाड़ियों की फैमली एक मैच देख पाएगी. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारतीय टीम के लचर प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई ने कड़ा फैसला लिया था, लेकिन अब इसमें बदलाव संभव है. बीसीसीआई के नए नियमों के मुताबिक, भारतीय खिलाड़ी विदेशी दौरे पर अपनी फैमली के साथ कुछ समय बिता सकते हैं, अगर वह दौरा 45 दिनों से अधिक का है तो... लेकिन अगर दौरा उससे कम दिनों का है तो फैमली संग क्रिकेटर वक्त बिता नहीं पाएंगे. गौरतलब है कि चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से हो रहा है. वहीं, 20 फरवरी को भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी. इसके बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी. भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 23 फरवरी को खेला जाएगा. इसके बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के सामने होगी.

# आज से शुरू हो रही चैम्पियंस ट्रॉफी



## टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही टीमों और उनके प्लेयर्स पर डालें नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की साल 2017 के बाद वापसी हो रही है और कल से टूर्नामेंट का आगाज होगा जिसमें 8 टीमें खिताब के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। पाकिस्तान टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा लेकिन भारत अपने सभी मैच हाईब्रिड मॉडल के तहत दुबई में खेलेगा। पाकिस्तान गत चैम्पियन है ऐसे में वह 19 फरवरी को टूर्नामेंट की शुरूआत करेगा और पहला मैच न्यूजीलैंड से खेलेगा। वहीं भारत अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा जबकि चैम्पियंस ट्रॉफी का हाई-वोल्टेज मैच 23 फरवरी को भारत-पाकिस्तान के बीच दुबई में होगा। आइए टूर्नामेंट से पहले सभी टीमों पर नजर डाल लेते हैं-

### ग्रुप ए

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), सौम्य सरकार, तन्जीद हसन, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, मोहम्मद महमुदुल्लाह, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तन्जीम हसन साकिब, नाहिद राणा।

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड:** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओरूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग।

**पाकिस्तान:** मोहम्मद रिजवान (कप्तान), बाबर आजम, फखर जमान, कामरान गुलाम, सऊद शकील, तैयब ताहिर, फहीम अशरफ, खुशदिल शाह, सलमान अली आगा, उस्मान खान, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, मोहम्मद हसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी।

### ग्रुप बी

**अफगानिस्तान:** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

**ऑस्ट्रेलिया:** स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, एलेक्स कैरी, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, मैथ्यू शॉर्ट, एडम जम्पा।

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्से, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।

**दक्षिण अफ्रीका:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

# एक दिन की छूट, खिलाड़ी चुन लें डेट...

**पत्नी को साथ ले जाने पर BCCI का नियम फिर टूटा**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की मेजबानी में ढ्ढ्ढ चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज कल (19 फरवरी) होने वाला है. टूर्नामेंट का फाइनल 9 मार्च को होगा. भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी. मगर इससे पहले ही भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है. बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले एक खुशखबरी दी है. भारतीय बोर्ड ने प्लेयर्स को टूर्नामेंट के दौरान अपनी फैमिली को साथ रखने की अनुमति दे दी है. हालांकि इसके लिए भी एक शर्त रखी है. इस फैसले के साथ ही बीसीसीआई का फैमिली नियम टूट गया है, कुछ दिन पहले ही बनाया गया था.

दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली करारी हार के बाद बीसीसीआई ने रिव्यू मीटिंग के बाद कुछ सख्त नियम बनाए थे. इसमें विदेशी दौरों पर भारतीय क्रिकेटर्स का अपने परिवार के साथ बिताए जाने वाले समय को कम कर दिया था. नए नियमों के तहत अगर कोई टूर्नामेंट 45 या उससे ज्यादा दिनों का है तो परिवार को खिलाड़ियों के साथ सिर्फ 14 दिन रहने की इजाजत होगी, और अगर टूर इससे कम दिनों का है तो यह 7 दिन हो सकता है. वहीं नए नियमों के तहत पूरे टूर्नामेंट के दौरान पत्नियां खिलाड़ियों के साथ नहीं रह सकतीं हैं. परिवार सिर्फ 2 सप्ताह तक साथ रह सकता है.

**भारतीय टीम सभी मैच दुबई में खेलेगी** - बता दें कि चैम्पियंस ट्रॉफी में पहला मुकाबला पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 19 फरवरी को कराची में खेला जाएगा. जबकि भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पहले ही साफ कर दिया था कि भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएगी. इस वजह से टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत कराया जा रहा है. भारतीय टीम अपने सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी. ऐसे में भारतीय टीम का दूसरा मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी को होगा ।

### एक ही मैच में साथ रहेगा परिवार

मगर अब बीसीसीआई ने अपने ही इस नियम को तोड़ दिया है. उसने चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान खिलाड़ियों को पैरेंट्स या पत्नी को साथ रखने की अनुमति दी है. हालांकि बीसीसीआई ने यह परमिशन सिर्फ एक ही मैच के लिए दी है. हालांकि फोकस टीम बॉन्डिंग के साथ ही ये भी सुनिश्चित करने पर रहेगा कि खिलाड़ी बिना किसी व्यवधान के साथ रहें. प्लेयर्स को टूर्नामेंट के दौरान किसी एक मैच के लिए परिवार को साथ रखने के लिए बोर्ड से पहले अनुमति लेनी होगी. खिलाड़ियों को अपनी पसंद के मैच के बारे में बोर्ड को सूचित करना होगा कि वह किस मैच में परिवार को साथ में रखना चाहता है और उसके अनुसार खिलाड़ी को अनुमति दी जाएगी ।

रणजी ट्रॉफी:

# मुंबई के शिवम दुबे का कहर, 49 रन दे 5 बल्लेबाजों को भेजा पवेलियन

### विदर्भ ने 59 रन पर गंवाए अंतिम 5 विकेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने मैच के दूसरे दिन 18 फरवरी 2025 को जमकर कहर बरपाया। शिवम दुबे ने 11.5 ओवर में 49 रन देकर 5 विकेट चटकाए। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में तीसरी बार 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए। यह शिवम दुबे की कातिलाना गेंदबाजी का ही असर था कि विदर्भ ने अपने आखिरी पांच विकेट महज 59 रन पर गंवा दिए।

**विदर्भ ने पहले दिन 88 ओवर में गंवाए थे सिर्फ 5 विकेट** - मैच के पहले दिन यानी 17 फरवरी 2025 को जब खेल खत्म हुआ था तब विदर्भ का स्कोर 88 ओवर में 5 विकेट पर 308 रन था। उस समय यश राठौड़ 86 गेंद में 47 रन बनाकर नाबाद थे। अक्षय वाडकर भी 35 गेंद में 13 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए थे। दूसरे दिन विदर्भ को पहला झटका शार्दुल ठाकुर ने दिया। शार्दुल ठाकुर ने 95वें ओवर की 5वीं गेंद पर यश राठौड़ को पवेलियन भेज दिया। उन्होंने खुद ही यश को कैच किया।

**शार्दुल ने दूसरे दिन मुंबई को दिलाई पहली सफलता** - यश राठौड़ 7 चौके की मदद से 113 गेंद में 54 रन बनाकर आउट हुए। उस समय टीम का स्कोर 6 विकेट पर 324 रन था। मुंबई के लिए रोस्टन डायस 100वां ओवर लेकर आए। उन्होंने पहली ही गेंद पर अक्षय वाडकर को आकाश आनंद के हाथों कैच करा दिया। अक्षय वाडकर 4 चौके की मदद से 62 गेंद में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 104वें ओवर के लिए शिवम दुबे को गेंद थमाई। शिवम दुबे ने कप्तान के फैसले को सही साबित किया। शिवम दुबे ने पहली ही गेंद पर नचिकेत भूते को शम्स मुलानी के हाथों कैच करा दिया। नचिकेत भूते 2 चौके की मदद से 18 गेंद में 11 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे ने 106वें ओवर की तीसरी गेंद पर हर्ष दुबे को आकाश आनंद के हाथों कैच कराया। हर्ष दुबे 3 चौके की मदद से 27 गेंद में 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शिवम दुबे ने 108वें ओवर की 5वीं गेंद पर यश ठाकुर को शार्दुल ठाकुर के हाथों कैच कराकर विदर्भ की पारी का अंत किया। यश ठाकुर 4 गेंद में 3 रन ही बना पाए। यश ठाकुर जब पवेलियन लौटे तब तक विदर्भ के खाते में 383 रन जुड़ चुके थे। शिवम दुबे ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन विदर्भ के दो बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई थी।

**विदर्भ नाम मुंबई मैच का संक्षिप्त स्कोर** - विदर्भ की पारी की बात करें तो दानिश मालेवार उच्चतम स्कोरर रहे। उन्होंने 7 चौके और 1 छक्के की मदद से 157 गेंद में 79 रन बनाए। ध्रुव शौरी ने 9 चौके की मदद से 74 रन बनाए। यश राठौड़ ने 54 रन बनाए। दर्शन नालकंडे 18 गेंद में 12 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई के लिए शम्स मुलानी ने 62 और रोस्टन डायस ने 48 रन देकर 2-2 विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर ने 78 रन देकर 1 विकेट लिया।

सुरेश रैना ने बताया

# 2013 चैंपियंस ट्रॉफी ने कैसे 'धोनी रिव्यू सिस्टम' को जन्म दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व ऑलराउंडर सुरेश रैना ने बताया कि कैसे दुनिया ने 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के अभियान के दौरान 'धोनी रिव्यू सिस्टम' के जन्म को देखा। भारत की 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीत ने उन्हें



अपराजित टूर्नामेंट की जीत के रास्ते पर सर्वश्रेष्ठ टीमों को पछाड़ते हुए देखा। वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके दूसरे मैच में सभी पहलुओं में उनका दबदबा दिखा, क्योंकि भारत ने एक खतरनाक प्रतिद्वंद्वी पर 8 विकेट से जीत हासिल की।

चैंपियंस ट्रॉफी स्पेशल के एक विशेष एपिसोड द सुरेश रैना एक्सपीरियंस में रैना ने गेंदबाजी पारी के प्रबंधन में एमएस धोनी की सामरिक प्रतिभा पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैसे विकेटकीपर बल्लेबाज ने सटीक डीआरएस कॉल, आक्रामक फील्ड सेटअप और साहसिक निर्णयों के साथ टीम की सफलता को अधिकतम किया।

रैना ने कहा, ओवल बल्लेबाजी के लिए अनुकूल सतह है। लेकिन अगर आप वेल्स के मौसम पर विचार करते हैं, तो आपको आसमान के साथ-साथ पिच पर भी नजर डालनी होगी। यहीं से धोनी रिव्यू सिस्टम की शुरुआत हुई। उन्होंने जो भी डीआरएस लिया, वह सही था। स्टंप के पीछे उन्हें कैच लेते हुए देखिए। सबसे अच्छी बात थी उनका आक्रामक फील्ड प्लेसमेंट। विराट कोहली स्लिप में थे, अश्विन लेग स्लिप पर थे और धोनी स्टंप के पीछे थे। उन्हें पता था कि दबाव कैसे बनाया जाता है। यह टी20 क्रिकेट का उदय था, जहां खिलाड़ी हमेशा आक्रमण करने की कोशिश करते थे। उनका मास्टरस्ट्रोक स्पिनरों को लाना और उन्हें आक्रमण करने के लिए चुनौती देना था।

उस मैच में रवींद्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी रैना को पसंद आई जिन्होंने 5-36 के आंकड़े के साथ अपने साथी की शानदार गेंदबाजी पर आश्चर्य व्यक्त किया।

# टूर्नामेंट शुरू होने के एक दिन पहले घर लौटे भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्कल, पिता का हुआ निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल चैंपियंस ट्रॉफी से एक दिन पहले अचानक से घर लौट गए हैं। दरअसल, मोर्कल के पिता का निधन हो गया है जिस कारण उन्हें टूर्नामेंट के बीच से स्वदेश लौटना पड़ा है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से करेगा। भारत अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा क्योंकि उसने पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था।



### पिता के काफी करीब थे मोर्कल

मोर्कल को पारिवारिक इमरजेंसी के कारण अपने घर लौटना पड़ा है। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को गाइड करने के लिए मोर्कल की भूमिका अहम है। टीम में पहले से ही स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शामिल नहीं हैं। मोर्कल अपने पिता के काफी करीब थे। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वीडियो में बताया था कि भारत पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले अपने पिता को ही फोन किया था।

### भारत ने शुरू की तैयारी

मोर्कल भले ही स्वदेश लौट गए हैं, लेकिन भारतीय टीम की नजरें अपने लक्ष्य पर हैं। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं और दुबई पहुंचने पर जमकर अभ्यास किया है। खिलाड़ियों ने अभ्यास सत्र में समय बिताया और अपने कौशल पर काम किया। भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म काफी अहम है, ऐसे में उन्होंने भी जमकर पसीना बहाया और दूसरे अभ्यास सत्र के दौरान बड़े शॉट लगाने पर ध्यान केंद्रित किया। ऋषभ पंत प्लेइंग-11 में जगह बनाने के लिए जोर लगा रहे हैं और ऐसे में 32 वर्षीय राहुल अधिक सक्रिय और पावर हिटिंग मानसिकता को अपनाते हुए दिखाई दिए।

भारतीय बल्लेबाजी के मुख्य आधार विराट कोहली ने भी अपने कौशल को निखारने में समय बिताया। वह गेंद को बल्ले के बीच से और देर से खेलने की कोशिश करते हुए आत्मविश्वास से भरे दिखे। हालांकि रविवार को ट्रेनिंग के दौरान हार्दिक पांड्या के शॉट पर घुटने पर चोट लगने के बाद ऋषभ पंत संघर्ष करते हुए दिखाई दिए। उन्हें थोड़ा लंगड़ाते हुए देखा गया। उन्होंने विकेटकीपिंग और क्षेत्ररक्षण अभ्यास नहीं किया और जब वह बल्लेबाजी करने आए तो लय में भी नहीं दिखे।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में समीक्षा कर दिए निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण कर अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में 100 दिवस से अधिक समयावधि सहित जनवरी माह के सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का अनिवार्य रूप से 19 फरवरी तक संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि नियमित रूप से शिकायतों के निराकरण की स्थिति की मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर लंबित शिकायतों का प्रभावी तरीके से निराकरण किया जाए। प्रत्येक शिकायतकर्ता से संवाद कर शिकायत को संतुष्टिपूर्ण बंद कराएं। फोर्स क्लोज के लिए प्रस्ताव भेजने के पूर्व भी आवेदक से चर्चा कर वस्तुस्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने समस्त तहसीलदारों सहित स्थानीय निकाय के अधिकारियों तथा वर्तमान में डी श्रेणी के विभाग प्रमुखों से बड़ी संख्या में लंबित शिकायतों के कारणों के संबंध में जानकारी ली तथा कुछ प्रकरणों में उचित जवाब दर्ज न करने पर तथ्यात्मक रूप से सही प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जनपद पंचायत पन्ना के सीईओ को संबल योजना के तहत तीन हितग्राहियों को अंत्येष्टि अनुग्रह राशि का लाभ समय सीमा में प्रदान नहीं करने पर वेतनवृद्धि रोकने की चेतावनी भी दी। इसके अलावा बैठक में बगैर पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहे सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ सहित जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, पन्ना टाईगर रिजर्व एवं उत्तर वन मंडल के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आगामी बैठकों में जानकारी के साथ उपस्थित रहने की नसीहत भी दी। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाइन में एल-1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि विभाग प्रमुख विभागीय गतिविधियों के बेहतर क्रियान्वयन के साथ ही टीएल पत्रों का तेजी से निराकरण प्रारंभ करें। जनसुनवाई के मामलों का भी प्रत्येक स्तर पर निराकरण सुनिश्चित हो। गत माह संपन्न हुए मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के शिविरों में प्राप्त समस्त योजना व सेवाओं के शेष प्रकरणों का भी पात्रतानुसार निराकरण कर विभागीय पोर्टल पर वांछित जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए। टीएल बैठक में उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणवार जवाबदावा एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी भी ली गई। साथ ही निकायवार पेंशन हितग्राहियों के समग्र ई-केवायसी कार्य में प्रगति लाने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने आगामी 15 मार्च तक लक्ष्य अनुरूप स्वरोजगारमूलक योजनाओं के स्वीकृत प्रकरणों में वितरण कार्यवाही के निर्देश भी दिए। इसके अलावा आकांक्षी विकासखण्ड अजयगढ़ में विभागवार निर्धारित सूचकांकों में समय-सीमा में प्रगति लाने के लिए भी निर्देशित किया गया।

टीएल बैठक में सजगता के साथ गेहूं पंजीयन कार्य सुनिश्चित कराने, समय-समय पर केन्द्रों के निरीक्षण व सतर्कता के साथ पंजीयन प्रक्रिया का अवलोकन कर किसी भी अनियमितता पर अविलंब कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर समस्त विभाग प्रमुख समय-सीमा में वांछित कार्यवाही करें। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में वेटलैंड घोषित जिले के 360 बड़े तालाबों में पटवारी के माध्यम से तीन दिवस में आवश्यक कार्यवाही शुरू कराने तथा रेलवे कार्य में नगर पालिका से संबंधित विभिन्न अड़चनों को दूर कराने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की समीक्षा कर नागरिकों की सहभागिता से आवश्यक तैयारी व गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए। समस्त एसडीएम को सीएमओ के साथ जनप्रतिनिधियों एवं सफाई संरक्षकों को सर्वेक्षण की विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराने तथा डोर टू डोर कचरा संग्रहण बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के कचरा वाहन की ठीक स्थिति का आंकलन कर निर्धारित रूट का समान रूप से वितरण करें और कूड़े का विधिवत निस्तारण करने के उद्देश्य से प्रसंस्करण इकाई का आवश्यकतानुसार दो शिफ्ट में भी संचालन किया जाए। समस्त सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति ठीक रहे। नियमित रूप से सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित हो। सर्वेक्षण में निर्धारित गतिविधियों के लिए सबके प्रयास से बेहतर परिणाम की अपेक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, एसडीएम संजय नागवंशी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना ब्लैक बेल्ट योग्य प्रशिक्षक के आत्मरक्षा प्रशिक्षण पर उठे सवाल



**पन्ना।** जिले के बालिका छात्रावास रक्सेहा एवं बालक सीनियर बेसिक छात्रावास में बिना योग्य ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक के आत्मरक्षा प्रशिक्षण संचालित किए जाने की शिकायत सामने आई है। इस संबंध में फिटनेस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना मार्शल आर्ट क्लासेस ओर शोतो काई कराते संघ पन्ना एवं स्पोर्ट कराते संघ देवेनगर के संचालको ने चिंता व्यक्त की है। शिकायतकर्ता इरफान उल्ला खान द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी श्री रवि खरे, डी.पी.सी. श्री अजय गुप्ता एवं जिला खेल अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए केवल ब्लैक बेल्ट योग्यता प्राप्त प्रशिक्षकों की नियुक्ति अनिवार्य होनी चाहिए, विशेष रूप से कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं के लिए। यह नियम छात्राओं को उचित, प्रभावी एवं सुरक्षित प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से लागू किया गया था, लेकिन इसका पालन नहीं किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार, प्रशिक्षण के लिए नियुक्त एक प्रशिक्षक ने स्वयं स्वीकार किया है कि वह ब्लैक बेल्ट धारक नहीं है, बल्कि केवल ब्राउन बेल्ट धारक है। इसके बावजूद, छात्रावास वार्डन द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण की राशि स्वीकृत कर ब्राउन बेल्ट प्रशिक्षक को दी जा रही है, जिससे वित्तीय अनियमितता की आशंका उत्पन्न हो गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस कार्य हेतु शासन की राशि खर्च न की जाए। यदि वार्डन ने बिना आदेश पढ़े प्रशिक्षक की नियुक्ति कर दी है, तो उन्हें अपने निजी खर्च पर प्रशिक्षक को भुगतान करना चाहिए और शासन की राशि खर्च नहीं करनी चाहिए। छात्रावासों में केवल योग्य एवं प्रमाणित ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। गलत तरीके से निकाली गई राशि की जांच कर उचित पुनःनिर्धारण किया जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाए जाएं। पूर्व में ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता रहा है, और कई वर्षों से यही प्रक्रिया अपनाई जाती रही है। लेकिन इस वर्ष, नई वार्डन द्वारा ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षकों को न तो सूचित किया गया और न ही पुलिस कार्यालय की खेल शाखा से प्रशिक्षकों की सूची ली गई। वार्डन का कहना है कि जिस व्यक्ति से वे प्रशिक्षण दिला रही हैं, उसे पूरी जानकारी है। यदि ऐसा होता, तो शासन द्वारा ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षकों की अनिवार्यता क्यों तय की जाती? इरफान खान ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी संस्था में 3 महिला ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक और 6 पुरुष ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक हैं। इसके अलावा, स्पोर्ट कराते संघ देवेनगर के संचालक कमलकिशोर लखेरा के पास 13 ब्लैक बेल्ट प्रशिक्षक हैं, जिनकी जानकारी पुलिस कार्यालय की खेल शाखा में सूचीबद्ध है। इसके बावजूद, छात्रावास के संचालकों द्वारा बिना योग्य प्रशिक्षक से प्रशिक्षण कराया गया है। इस पूरे मामले को लेकर शिक्षा विभाग से जल्द जांच की मांग की जा रही है ताकि इस तरह की अनियमितताओं को रोका जा सके और छात्र-छात्राओं को उचित प्रशिक्षण मिल सके। स्पोर्ट कराते संघ देवेनगर के संचालक कमलकिशोर लखेरा ने माध्यमिक शालाओं की भी जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि 316 शालाओं में से कुछ शालाओं में आत्मरक्षा प्रशिक्षण की राशि किसी अन्य के नाम से निकाल ली जाती है।

# 29 प्रतिशत एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन शेष

**पन्ना।** राज्य शासन के निर्देशानुसार वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली आईएफएमआईएस अंतर्गत उपलब्ध शासकीय सेवकों की जानकारी का सत्यापन समग्र आईडी से किया जाना है। साथ ही वेतन का भुगतान भी अब आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया कि अब तक 71 प्रतिशत शासकीय सेवकों के एम्पलाई प्रोफाइल का समग्र आईडी से सत्यापन किया जा चुका है, जबकि 29 प्रतिशत का सत्यापन शेष है। उन्होंने शासकीय कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों से समग्र आईडी की प्रविष्टि का कार्य आगामी 28 फरवरी तक पूर्ण कराने का आग्रह किया है। वर्तमान में जिले में 86 डीडीओ के विरूद्ध आठ डीडीओ की प्रगति अब भी 50 प्रतिशत से कम है। इनमें सीईओ जिला पंचायत सहित प्राचार्य शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर, प्रधान न्यायाधीश फेमिली कोर्ट, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय अमानगंज, जिला सेनानी होमगार्ड, क्यूरेटर जिला पुरातत्व एवं संग्रहालय, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व एवं सीईओ जनपद पंचायत पन्ना शामिल हैं।

## राहत राशि स्वीकृत

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने म.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण 1995 एवं संशोधित नियमों के प्रावधान अनुसार तथा जिला स्तरीय राहत समिति द्वारा लिए गए निर्णय के तहत उत्पीड़ित व्यक्तियों को 12 लाख 25 हजार रूपए की राहत राशि स्वीकृत की है। अनुसूचित जाति वर्ग के 15 उत्पीड़ितों को 10 लाख 50 हजार रूपए तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 5 उत्पीड़ित व्यक्तियों को एक लाख 75 हजार रूपए की राहत राशि स्वीकृत की गई है।

# कलेक्टर ने सीएमओ की ली बैठक, दिए आवश्यक निर्देश



**पन्ना।** जिले के समस्त नगरीय निकायों में आगामी दिवसों में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की गतिविधियां प्रारंभ होंगी। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सीएमओ की बैठक में सर्वेक्षण के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से नवीन टूलकिट सहित अन्य आवश्यक जानकारी प्राप्त कर मूल्यांकन पद्धति के बारे में पूछा। जिला कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत शहर को अच्छे अंक एवं अच्छी रैंक दिलाना सिर्फ नगर पालिकाओं का दायित्व नहीं है, बल्कि यह समस्त विभागों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों सहित सर्वसमाज का भी दायित्व है। सर्वेक्षण में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने सर्वेक्षण के पूर्व शौचालयों के मरम्मत तथा संचालन, प्रसंस्करण इकाइयों, एमआरएफ सेंटर, सी एण्ड डी प्लांट एवं एफएसटीपी प्लांट को पूर्णतः संचालित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि निकाय के डी स्लजिंग वाहनों का प्रयोग सेप्टिक टैंक खाली कराने में करें।

समस्त अनुविभागीय अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों, निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों एवं सफाई संरक्षकों से समन्वय कर अपने क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं स्रोत पृथक्कीकरण के कार्य को दुरुस्त करने की अपेक्षा की। जिला कलेक्टर द्वारा लोगों को खुले में कचरा डालने के लिए हतोत्साहित करने तथा विभिन्न गतिविधियों के अंक विभाजन अनुसार समस्त कार्य को दुरुस्त कर आगामी सर्वेक्षण में निकाय को अच्छी रैंक दिलाने की बात भी कही।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का वितरण 24 को

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार, 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त का वितरण करेंगे। इससे पन्ना जिले के कृषक भी लाभांवित होंगे। इस बार किस्त वितरण दिवस को किसान सम्मान समारोह के रूप में भी मनाया जाएगा। योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपए की राशि तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। आयुक्त भू अभिलेख के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर आयोजित समारोह में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम के प्रसारण तथा समस्त ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण आज

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 19 फरवरी को अपरान्ह 4 बजे ईव्हीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया जाएगा।

# खेत की सिचाई न करने को लेकर हुए विवाद में किसान की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**पन्ना।** पन्ना जिले के अमानगंज थाना अन्तर्गत ग्राम सिरी में मोटर पंप से खेत की सिचाई न करने के मामले में हुए विवाद को लेकर लगभग आधा दर्जन लोगो ने किसान की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार ग्राम सिरी निवासी राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता प्रकाश विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष का शव रात्रि में खेत के पास म्रत अवस्था मे मिला है, जिसकी सूचना परिवारजनो द्वारा पुलिस को दी गई है, पुलिस घटना स्थल पर पंहुची तथा राजेन्द्र विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष का शव बरामद कर पीएम के लिए अमानगंज स्वास्थ केन्द्र लाया गया है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि राजेन्द्र विश्वकर्मा तथा पड़ोसी चौधरी परिवार का खेत अगल बगल में है, जिसमें राजेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा खेत मे सिचाई करने के लिए चौधरी परिवार से कहा गया था जिसमें एक बार सिचाई कर दी गई थी, तथा फिर से सिचाई होनी थी तो राजेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा सिचाई करने के लिए फिर से कहा गया था लेकिन चौधरी परिवार द्वारा मना कर देने से विवाद हुआ, तथा घटना के कुछ दिन पूर्व पुलिस मे शिकायते भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन वह विवाद चलता रहा, पन्द्रह फरवरी की रात्रि राजेन्द्र अपने खेत पर गया हुआ था, उसी दौरान फिर विवाद हुआ तथा आरोपी पक्ष कमता वाले चौधरी नें अपने लड़को के साथ मिलकर राजेन्द्र विश्वकर्मा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई है। घटना स्थल पर थाना प्रभारी अमानगंज तथा पुलिस बल रात्रि में ही पंहुच गया था तथा शव को पीएम के लिए भेजा गया था, दूसरे दिन सुबह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह तथा गुनौर एसडीओपी द्वारा भी घटना स्थल का दौरा किया, पुलिस ने उक्त मामले मे हत्या का मामला कायम कर लिया है तथा विवेचना की जा रहीं है। सुत्रो द्वारा बताया गया है कि कुछ आरोपीयो को भी पुलिस ने हिरासत मे ले लिया है।

## प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना का शिविर 20 फरवरी को

**पन्ना।** मत्स्य पालन विभाग द्वारा 20 फरवरी को सुबह 11 बजे सहायक संचालक मत्स्योद्योग कार्यालय पन्ना में प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना का शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफार्म पोर्टल पर हितग्राहियों को योजनाओं से लाभांवित करने का लक्ष्य है। मत्स्य कृषक शिविर में उपस्थित होकर अपनी समिति, समूह अथवा व्यक्तिगत पंजीयन भी करा सकते हैं। पंजीयन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

# मैरिज गार्डन संचालक तथा घरातियों में हुआ जमकर विवाद

## चले लाठी डंडे आधा दर्जन घायल

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत किशनपुर में संचालित एक्सिस पब्लिक मैरिज गार्डन में बीति 15 फरवरी की रात घरातियों तथा गार्डन संचालक के बीच रजाई गद्दो की मांग को लेकर जमकर विवाद हुआ तथा उक्त विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। जिसमें जमकर लाठी डंडे चले तथा लगभग आधा दर्जन लोग घायल भी हुए है। फरियादियों की सूचना पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। फरियादी सुभाष साहू पिता बल्लू साहू उम्र 35 साल निवासी ग्राम टिकुरहा थाना धरमपुर ने बताया कि मेरी भतीजी की शादी एक्सिस पब्लिक गार्डन किशनपुर अजयगढ़ से हो रही थी उसी दौरान रात्रि के समय मेरे द्वारा गार्डन संचालक निर्देश सचान से ओढने एवं बिछाने के लिये रजाई गद्दे मांगे तो वह गाली-गलौज करने लगा, चाचा के लड़के रामराज साहू उम्र 50 साल ने जब इसका विरोध किया तो उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे रामराज साहू घायल हो गए इतने में सचिन सचान और रामजी गुप्ता भी आ गये जो रामराज साहू को पीटने लगे हल्ला सुनकर मैं एवं छोटे लाल साहू, सुरेंद्र साहू व कामता साहू बचाने दौड़े तो उन पर भी लाठी डंडों और चाकू से हमला कर दिया जिससे छोटे लाल साहू एवं अन्य के सिर कमर व पीठ में चोटें आई हैं।

# वाहन चेकिंग के नाम पर देवेन्द्र नगर पुलिस द्वारा की जा रहीं अवैध वसूली



**पन्ना।** पन्ना जिले में वाहन चकिंग के नाम पर अनेक थानो की पुलिस द्वारा भारी वसूली की जा रहीं है, जिसमें प्रयागराज जाने वाले तीर्थ यात्रियां को भी नहीं छोड़ा जा रहा है तथा उनसे भी हजारो रूपये की वसूली प्रत्येक वाहन से की जा रही है।

जिससे पन्ना पुलिस की छवि धूमिल हो रहीं है, देवेन्द्र नगर थाना प्रभारी की अवैध वसूली से निकलने वाले वाहन चालक भारी परेशान है। वाहन में कोई भी कमी दिखाकर मनमाने ढंग से अवैध वसूली लगातार चल रहीं है। वर्तमान समय में विगत एक माह से प्रयागराज कुंभ चल रहा है, जिसके चलते प्रतिदिन भारी मात्रा में वाहन निकल रहें है, उक्त वाहन संचालको से लाखो रूपये की वसूली की जा रही है। इसी प्रकार दिनांक 16 फरवरी को देवेन्द्र नगर सतना रोड़ पर थाना प्रभारी आरएस सोनकर द्वारा वाहन चेकिंग लगाकर सैकड़ो वाहनो को सड़क किनारे खड़ा करके प्रत्येक वाहन से भारी वसूली की गई। इस प्रकार की वसूली से लोगो में भारी आक्रोश देखा जा रहा है, तथा पन्ना जिले के स्वच्छ छवि वाले पुलिस अधीक्षक की छवि भी इनके द्वारा खराब की जा रही है।

# भगवान कृष्ण ने किया कंस का वध



पन्ना

## धूम धाम से संपन्न हुआ रूकमणि विवाह

जिला मुख्यालय पन्ना सतना बेरियल के पास महराज सिंह कालोनी में रहने वाले पत्रकार राकेश पान्डेय के घर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण चल रहीं है, जिसमें सातवे दिन महाराश कंस वध एवं रूकमणि विवाह की कथा संपन्न हुई, कथा वाचक अनिल अग्निहोत्री जी महरा द्वारा बड़े ही मार्मिक ढंग से कथा का वर्णन किया, उन्होने सबसे पहले भगवान कृष्ण द्वारा अत्याचारी कंस के वध की कथा को सुनाया तथा कहा कि जब जब इस प्रथ्वी पर अत्याचारी, पापाचारी जन्म लेते है तथा उनका पाप एवं आतंक बहुत अधिक बड़ जाता है तो भगवान को जन्म लेना पड़ता है, इसी लिए कंस का वध करने के लिए भगवान कृष्ण नें जन्म लिया तथा कंस का वध किया। तत्पश्चात् भगवान कृष्ण एवं रूकमणि के विवाह की कथा को बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाया विवाह के बाद पांव पूजन, सहित अनेक कार्यक्रमम संपन्न हुए, इस दौरान उपस्थित सभी श्रोता भावविभोर हो गयें, कथा श्रोता कन्हैया लाल तथा श्रीमती कस्तुरी पान्डेय है, सह श्रोता के रूप मे आदेश पान्डेय भी कथा का श्रवण कर रहें है। 17 फरवरी को सुदामा चरित्र एवं पारीक्षित मोक्ष की कथा का वर्णन करते हुए कथा को विश्राम दिया जायेगा, तथा चारो धामो का हवन कार्यक्रम संपन्न होगा।

# कोचिंग संचालक रोहित द्विवेदी की सड़क दुर्घटना मे मौत



**पन्ना।** जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत कचोरी ग्राम निवासी रोहित द्विवेदी पिता हरिशचन्द्र द्विवेदी उम्र 30 वर्ष अपने साथी अभीषेक तिवारी के साथ मोटर साईकिल से वैवाहिक कार्यक्रम में रीवा जिले के सगरा जा रहे थें, उसी दौरान रीवा जिले के जरवाही दुबेही मोड़ के पास बुलेरो वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई, जिसमें रोहित द्विवेदी की घटना स्थल पर मौत हो गई तथा अभीषेक तिवारी गंभीर रूप से घायल है, जिसका कटनी में ईलाज चल रहा है। ज्ञात हो कि रोहित द्विवेदी दीपक कोचिंग के नाम से कटनी मे कोंचिंग सेन्टर चलाता था, बड़ा ही होनहार लड़का था, राहित की मृत्यु का समाचार मिलने पर पूरे क्षेत्र मे शोक का माहोल कायम हो गया।

# लापरवाह शिक्षकों पर की गई कार्यवाही

**पन्ना।** जिला पंचायत पन्ना के नवागत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने जिले के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन वितरण की रिपोर्टिंग में घोर लापरवाही बरतने वाले 15 शिक्षकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सीईओ ने नोटिस में पूछा है क्यों न आपकी एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाए? जिन शिक्षको पर कार्यवाही की गई है, उनमें कुमकुम शुक्ला प्राथमिक शिक्षक ठाकुरन खेड़ा, कैलाश कुमार कोरी प्राथमिक शाला पंचमपुर, रमेश पटेल प्राथमिक शाला मगरधहा, अशोक कुमार कोरी प्राथमिक शाला उडला, राम करण दहायत हरिजन बस्ती पवई, मूरत सिंह विद्यालय खोरा, दिनेश भूर्जी, अम्रतलाल, दिनेश कुमार, रामकिश्न प्रजापति, जयराम प्रजापति, अशोक पटेल, लडकू प्रसाद अहिरवार, रामस्वरूप सिंह, रामदास अहिरवार आदि शामिल है।

## सतना पन्ना रोड़ पर बुलेरो वाहन पलटी, चार घायल



**पन्ना।** पन्ना सतना रोड़ बहेरा के पास बुलेरो वाहन को अन्य वाहन द्वारा टक्कर मारी गई, जिसमें उक्त वाहन पलट गया तथा वाहन मे सवार लोग घायल हो गयें, उक्त लोग प्रयागराज से कुंभ स्नान करके लौट रहे थें, घटना की जानकारी पुलिस को मिलने पर घायलो को एक सौ आठ एम्बूलेंस के द्वारा पन्ना भेजा गया, घायल यात्री राजस्थान कोटा के रहने वाले है। घायलो में वन्दना शर्मा 28 वर्ष, अनुभव शर्मा 18 वर्ष, ओम प्रकाश शर्मा 30 वर्ष ममता शर्मा 27 वर्ष आदि घायल हुए है जिनका ईलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 19 फरवरी 2025 | 8

प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए प्रदेश में सड़क और रेलमार्ग में किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेसिंग में आयुक्त रीवा आईजी रीवा कलेक्टर रीवा एवं एसपी रीवा ने हिस्सा लिया।



# आमजनों की सुविधा तथा प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखकर पुनर्गठन के सुझाव दें : शुक्ला

## जन आकांक्षा के अनुरूप प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन पर हुआ विचार मंथन

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशों के अनुसार पूरे प्रदेश में प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस संबंध में गठित मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री मुकेश शुक्ला की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन आकांक्षा के अनुरूप प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन पर विचार मंथन किया गया। बैठक में आयोग के सदस्य श्री शुक्ला ने कहा कि संभाग, जिला, तहसील, राजस्व सर्किल तथा विकासखण्ड प्रशासनिक इकाईयां हैं। प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि आमजनता की सहूलियत बढ़ाने, भौगोलिक बाधा को दूर करने और क्षेत्र के समग्र विकास को ध्यान में रखकर प्रशासनिक इकाईयों का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके लिए मापदण्ड निर्धारित कर दिए गए हैं। इसमें अधोसंरचनात्मक ढांचा, आर्थिक कारण क्षेत्रफल,



प्राकृतिक सीमा, प्रशासनिक दक्षता, सामाजिक समरसता, जन सुविधा, सर्विस डिलेवरी सिस्टम तथा कानून और व्यवस्था को मानक बनाया गया है। इनके आधार पर सभी जिलों को प्रश्नावली दी गई है। कलेक्टर अन्य अधिकारियों के साथ पुनर्गठन के संबंध में समुचित और तर्कसंगत सुझाव प्राप्त करके अपना प्रस्ताव तैयार करें।

आयोग के सदस्य ने कहा कि प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन का मुख्य उद्देश्य जन कल्याण है। राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य विभागों की प्रशासनिक इकाईयों की सीमायें अलग-अलग होने से कई कठिनाईयां आती हैं। इन्हें दूर करने के लिए प्रशासनिक इकाईयों का युक्ति-युक्तिकरण आवश्यक है। कई तहसील और विकासखण्ड मुख्यालय अपने जिला मुख्यालय से बहुत दूर हैं जबकि उनके पास ही अन्य जिला मुख्यालय है जहाँ आना-जाना आसान है। राजस्व सर्किलों तक भी इसका परीक्षण करा लें। कलेक्टर प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त कर दें। विकासखण्ड स्तर तक के अधिकारियों से सुझाव लेकर प्रशासनिक इकाईयों के साथ-साथ विभागीय सेटअप में भी सुधार के संबंध में सुझाव शामिल करें। आयोग शीघ्र ही आमजनता के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन सुझाव की सुविधा देने जा रहा है। इसमें आमजनता भी अपने सुझाव दे सकती है। कलेक्टर जनप्रतिनिधियों तथा आमजनता से भी प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन के सुझाव लेकर उनका निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण कर लें। उचित सुझावों को अपने प्रस्ताव में अवश्य शामिल करें। बैठक में आयोग के सचिव अक्षय सिंह ने प्रशासनिक इकाईयों के पुनर्गठन के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया और प्रावधानों की जानकारी दी। बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से प्रशासनिक इकाईयों का पुनर्गठन आवश्यक है। आज की बैठक में इसके संबंध में स्पष्ट निर्देश और मार्गदर्शन मिलने से यह कार्य सरल हो गया है। तहसीलों और अनुभागों के साथ-साथ विकासखण्डों के भी पुनर्गठन की आवश्यकता है। बैठक में आईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि संभाग के मैहर और मऊगंज नवगठित जिले हैं। इनमें राजस्व अनुभागों के अनुरूप पुलिस अनुभागों का होना आवश्यक है। कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों की प्रशासनिक इकाईयाँ भौगोलिक रूप से समान होनी चाहिए। बैठक में कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि रीवा जिले में तहसीलों और विकासखण्डों की सीमायें एक-दूसरे को ओवरलैप करती हैं। विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी के क्षेत्र और मुख्यालय अलग-अलग हैं। विकासखण्ड को इकाई मानकर इन्हें समरूप करना आवश्यक है।

# आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री के सामाजिक सरोकार के कार्य अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय: उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का शिलान्यास बुंदेलखंड के लिये बहुत बड़ी सौगात है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 23 फ़रवरी को कैंसर अस्पताल का शिला-पूजन करेंगे। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की संवेदनशीलता का परिचायक है। इसके साथ ही महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की गरिमामय उपस्थिति में 26 फ़रवरी को 251 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अल्प आयु में आचार्य श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी सनातन संस्कृति के संवाहक के रूप में अपना योगदान देने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार से जुड़ा इतना बड़ा कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने पं. श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी को जन-हितकारी कार्यक्रमों के सफल आयोजन की शुभकामना दी हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में भर्ती एवं अधोसंरचना विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय, भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में भर्ती प्रक्रिया और अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकीय, सहायक चिकित्सकीय एवं नर्सिंग ऑफिसर पदों की भर्ती प्रक्रिया की गहन समीक्षा की और समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक प्रस्ताव लोक सेवा आयोग (पीएससी) एवं कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) को शीघ्र भेजे जाएं और भर्ती से संबंधित समस्त औपचारिकताओं को जल्द पूरा किया जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेडिकल संस्थानों में मैनपावर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि प्रदेश के नागरिकों को सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। उन्होंने नवीन ज़िला चिकित्सालयों के निर्माण कार्यों की व्यापक समीक्षा की और निर्देश दिए कि कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जाए। अधोसंरचना विकास के कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। प्रमुख सचिव श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, एवं संचालक श्री प्रवीण सिंह अढ़ायच सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवा संगम कार्यक्रम आगामी 21 फरवरी को

## युवा संगम अन्तर्गत रोजगार मेले में 6 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

रीवा

मऊगंज जिले के शासकीय शहीद केदारनाथ स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 21 फरवरी को प्रात- 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया है। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 6 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता तथा आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कंपनी अहमदाबाद गुजरात, ख्याति शील्ड ग्लोबल रिच रायपुर छत्तीसगढ़, डी एण्ड एच सेचरोन कंपनी इंदौर, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा तथा प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# जनसुनवाई में अनुपस्थित विभागीय अधिकारियों को कलेक्टर ने नोटिस जारी करने के दिये निर्देश

**रीवा।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में 64 हितग्राहियों की समस्यायें सुनीं गई। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में जिन विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहती है उस विभाग के जिम्मेवार अधिकारी अनिवार्यत- उपस्थित रहे। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं संयुक्त कलेक्टर



पी.के. पाण्डेय ने आवेदनों की समस्यायें सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। रमापति गौतम सौर पुरैनी कोठार ने मकान को खसरे में दर्ज किये जाने, रामनिहोर साकेत सिलपरा ने नकल उपलब्ध कराने तथा बिमला मिश्रा धौरहरा ने मुआवजा राशि प्रदान करने का आवेदन दिया जिन्हें संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को समुचित कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। पचपहरा निवासी रामदिलीप साकेत ने वृद्ध पिता को बेटे द्वारा प्रताड़ित करने का आवेदन प्रस्तुत किया जिसे एसडीएम को संबंधित के विरूद्ध जांचकर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

जनसुनवाई में त्योंथर निवासी रामसजीवन के खसरे की इस्तलाबी कराने, डोल निवासी कलावती बोध के भूमि स्वामी कालम में फर्जी प्रविष्टि को विलोपित करने एवं हर्दी निवासी राघवेन्द्र शुक्ला द्वारा रास्ता अवरूद्ध किये जाने का आवेदन दिया गया जिन्हें संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने के लिये प्रेषित किया गया। इसी प्रकार राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय मनकहरी के मुआवजा दिलाने के आवेदन को भूअर्जन अधिकारी को, उलही खुर्द निवासी रामउजागर लोनिया के कूट रचित खसरे की नकल में सुधार कराने के आवेदन को तहसीलदार मनगवां को एवं महसांव निवासी शाहीन अंसारी के विच्छेद विद्युत कनेक्शन को जोड़े जाने के आवेदन को अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल के समाधानकारक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। शालिनी शुक्ला भमरहा ने उच्च शिक्षा सहायता हेतु आवेदन दिया जिसे अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की कुंभ मेला यातायात प्रबंधन की समीक्षा

## रेलवे स्टेशनों में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समुचित प्रबंध करें : मुख्य सचिव

**रीवा।** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने महाकुंभ में जाने वाले यात्रियों के लिए प्रदेश में सड़क और रेलमार्ग में किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि प्रशासन, पुलिस और रेलवे के अधिकारी समन्वय के साथ व्यवस्थाओं को अंजाम दें। रेलवे स्टेशन पर बैरिकेटिंग कराकर होल्डिंग स्पेस में यात्रियों को व्यवस्थित और सुविधाजनक रूप से रखकर भीड़ को नियंत्रित करें। प्लेटफार्म में केवल वैध टिकटधारी व्यक्तियों को ही प्रवेश दें। रेलवे स्टेशन में उद्घोषणा लगातार करते रहें। व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ रेलवे के अधिकारी सूचनाएं नियमित रूप से प्रदान करें। जिन स्थानों पर ट्रेनों को अथवा यात्रियों को रोका जाता है वहाँ भोजन, पानी तथा उपचार की समुचित व्यवस्था करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि मैहर से प्रयागराज तक हाइवे पर वाहनों का सर्वाधिक दबाव है। रीवा संभाग में 13 स्थानों पर वाहनों के होल्डिंग प्वाइंट बनाकर अच्छी व्यवस्था की गई है। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी स्वयंसेवी संस्थाओं, औद्योगिक संगठनों, पंचायत पदाधिकारियों तथा आमजनता के सहयोग से तीर्थयात्रियों को भोजन, पानी, चाय आदि की व्यवस्था कर रहे हैं। जाम में फंसे वाहनों से भी लगातार सम्पर्क और संवाद बना रहता है। रीवा संभाग में तीर्थयात्रियों को सुविधाएं देने और वाहनों के आवागमन के लिए अच्छे प्रयास किए गए हैं।

# आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा ग्राम जेरूका थाना चोरहटा के चार अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को चालीस हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर साकेत पिता स्व. किशन लाल साकेत, आशीष साकेत पिता रामकलेश साकेत, शिवबहादुर साकेत पिता महेश साकेत तथा नवीन उर्फ आशिक साकेत पिता अनिल साकेत को दस-दस हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में घरेलू सिलेण्डर के उपयोग पर होगी दण्डात्मक कार्यवाही : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने कहा है कि जिले में संचालित मैरिज गार्डन, होटल हलवाई, कैटरर्स एवं अन्य व्यवसायिक संस्थानों में घरेलू सिलेण्डर के उपयोग की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। गत माहों में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा इसके विरूद्ध कार्यवाही की गई है। व्यवसायिक स्थानों पर घरेलू सिलेण्डरों का उपयोग दण्डनीय अपराध है। उन्होंने मैरिज गार्डन, होटल हलवाई, कैटरर्स एवं अन्य व्यवसायिक संस्थानों के संचालकों को निर्देशित किया है कि व्यवसायिक स्थानों पर केवल 19 कि. ग्राम का व्यवसायिक सिलेण्डर ही उपयोग किया जाए, व्यवसायिक सिलेण्डर केवल ऑयल कंपनी की अधिकृत गैस एजेंसी से ही प्राप्त करें साथ ही उसकी रिफलिंग की रसीद आवश्यकता अनुसार जांचकर्ता अधिकारी को प्रस्तुत की जाए। सभी व्यवसायिक संस्थानों के मुख्य द्वार पर बोर्ड लगाकर यह सूचना प्रदर्शित की जाए कि इस प्रतिष्ठान/प्रांगण में घरेलू सिलेण्डर का उपयोग पूर्ण रूप से वर्जित है। किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्ति या दुकान से व्यवसायिक सिलेण्डर कप और उपयोग किया जाना मान्य नहीं होगा। सभी व्यवसायिक संस्थान सिलेण्डर उपयोग करने वाले स्थान पर अनिवार्य रूप से अग्निशामक यंत्र अवश्य लगाए, जिससे दुर्घटना को टाला जा सके। निर्देशों का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी।

# जनपद पंचायत मऊगंज में लोक जैव विविधता पंजी निर्माण हेतु बैठक संपन्न



**रीवा।** जनपद पंचायत मऊगंज की लोक जैव विविधता पंजी निर्माण हेतु जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन जनपद पंचायत सभागार मऊगंज में जनपद उपाध्यक्ष राकेश पटेल एवं राम कुशल मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी मऊगंज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर प्रोफेसर स्कन्द मिश्रा ने पंजी निर्माण के महत्व, एकत्रित किए जाने वाले प्रमुख आंकड़ों एवं पंजी निर्माण की उपयोगिता की जानकारी दी। बैठक में पंजी के निर्माण हेतु जनपद क्षेत्र के सेक्टर के अनुसार पंचायतों/ग्रामों के जैव विविधता से संबंधित आंकड़ों को एकत्रित करने हेतु पद्धतियो एवं रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा आंकड़ों को विभागवार एकत्र हेतु जैव विविधता बोर्ड भोपाल द्वारा प्राप्त कराए गए नवीन प्रपत्र की जानकारी प्रदान की गई। बैठक में जन प्रतिनिधियों, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, शिक्षा विभागों के अधिकारी एवं मैदानी स्तर के कर्मचारियों से आंकड़ों को एकत्रित करने हेतु सुझाव प्राप्त किए गए तथा सहयोग हेतु चर्चा की गई। कृषि, उद्यानिकी, पशु पालन ,मत्स्य, विभाग से प्राप्त कुछ जानकारियों को भी संकलित किया गया। बैठक में शेख मुख्तार सिद्दीकी, समय लाल कोल, राकेश कुमार वर्मा, प्रेम शंकर सिंह, मुस्कान फातिमा, अर्पण मिश्रा, डी. एन. द्विवेदी, एस. एम. शुक्ला, राजेश प्रजापति, डॉ. विश्वजीत तिवारी सहित ग्रामीण विकास एवं कृषि विभाग के मैदानी स्तर के कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# लंबित पेंशन प्रकरण सात दिन में दर्ज नहीं हुए तो रूकेगी अधिकारियों की वेतनवृद्धि

## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। इस संबंध में किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। दिसम्बर माह तक जो अधिकारी सेवानिवृत्त हो गए हैं उनके शत-प्रतिशत पेंशन प्रकरण सात दिवस में पेंशन कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें। केवल विभागीय जाँच और न्यायालयीन प्रकरणों से ही संबंधित पेंशन प्रकरण इसके बाद शेष रहें। समय सीमा का पालन न करने पर संबंधित कार्यालय प्रमुख, आहरण संवितरण अधिकारी और संभागीय अधिकारी के वेतनवृद्धि



रोकने की कार्यवाही की जाएगी। शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पेंशन प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। कमिश्नर ने जिला शिक्षा अधिकारी रीवा, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग क्योटी कैनाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा तथा सतना को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण तत्काल कार्यवाही कर निराकृत करें। सीएम हेल्पलाइन में 1091 शिकायतें अनअटेंडेड हैं। संबंधित अधिकारी इन पर ध्यान देकर तत्काल सभी शिकायतों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। गत सप्ताह 100 दिन से अधिक समय से लंबित 3500 से अधिक शिकायतों का निराकरण हुआ है। इसी तरह के प्रयास लगातार करके इनका निराकरण करें। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी 15 मार्च तक हितग्राहीमूलक योजनाओं की शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करें। सभी स्वरोजगार योजनाओं, छात्रवृत्ति, सामाजिक सुरक्षा तथा वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री शहरी तथा ग्रामीण आवास योजना तथा अन्य योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। हितग्राहीमूलक योजनाओं के बैंकों में लंबित सभी प्रकरणों पर कार्यवाही करके अग्रणी बैंक प्रबंधक निराकृत कराएं। सभी अधिकारी न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा समय पर दर्ज करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में संयुक्त संचालक उद्योग ने बताया कि विभाग की स्वरोजगार योजनाओं में मैहर को छोड़कर शेष सभी जिलों में शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति हो गई है। मैहर में भी सात दिवस में शत-प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति हो जाएगी। कमिश्नर ने कृषि, पशुपालन, ट्राईबल, महिला एवं बाल विकास, ग्रामोद्योग तथा श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा की।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833